RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

## सुविचार

अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना, सबसे बड़ा तप है।
- डॉ. विनय दीवान, भोपाल

उत्तम से सर्वोत्तम वही हुआ है, जिसने आलोचनाओं को सुना और सहन किया है पर लक्ष्य नहीं छोड़ा।
- माया बैरागी, सैलाना रतलाम

अहंकार और अकड ये दोनों जीवन के सबसे बड़े दुश्मन है, क्योंकि ये ना तो आपको किसी का होने देते है और ना ही कोई आपका होना चाहता है...
- मीनाक्षी शुक्ला, खंडवा

दैनिक विनय उजाला

### राजधानी का घुट रहा दम, एक्यूआई 494 के पार

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राजधानी के लोगों का मंगलवार के दिन की शुरुआत भी स्मॉग की चादर के साथ हुई। तमाम कोशिशों और उपायों के बाद भी प्रदूषण ने लोगों का सांस लेना दूभर कर दिया है। दिल्ली में वायु प्रदूषण गंभीर प्लस श्रेणी में पहुंच गया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक 494 दर्ज किया गया। उत्तरी दिल्ली के कुछ इलाकों में एक्यूआई 500 के पार चला गया है। नॉर्थ कैंपस में एक्यूआई 500 दर्ज किया गया है। दिल्ली के आनंद विहार, अशोक विहार, बवाना, जहांगीरपुरी, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम और कई अन्य स्थानों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार 450 के पार दर्ज किया गया।

वर्ष-12, अंक 133 | भोपाल, बुधवार ● 20 नवम्बर 2024 | मूल्य 2.00 रुपए, कुल पृष्ठ - 8




## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन 11 और 12 जनवरी को दिल्ली में होगा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** खेल मंत्रालय युवाओं के लिए राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन करने जा रहा है। भारत मंडपम में अगले साल 11 और 12 जनवरी को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में हजारों युवाओं के भाग लेने की उम्मीद है। मंगलवार को भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने एक संदेश में कहा कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव 11 और 12 जनवरी 2025 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। यह 15 से 29 साल आयु वर्ग के युवाओं के लिए अपने विचारों को सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने प्रस्तुत करने के लिए एक प्रभावी मंच के रूप में काम करेगा, जो उन्हें देश के भविष्य को आकार देने और विकसित भारत के दृष्टिकोण में योगदान करने के लिए सशक्त बनाएगा।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने मणिपुर की स्थिति पर पत्र लिख राष्ट्रपति से किया हस्तक्षेप का अनुरोध

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर उनसे मणिपुर में जातीय संघर्ष के बीच जानमाल को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। पत्र में मणिपुर के हालात की जानकारी दी है। खरगे ने लिखा है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अपना दायित्व ठीक से नहीं निभाने के कारण वहां कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। मणिपुर में हिंसा के चलते मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिक अधिकारों के साथ गंभीर समझौता किया जा रहा है। यह संवैधानिक तौर पर आवश्यक हो गया है कि संविधान के मूल्य को बनाए रखने के लिए राष्ट्रपति तुरंत हस्तक्षेप कर लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### रेलवे सोशल मीडिया पर प्राप्त शिकायतों का कर रही त्वरित निपटान

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय रेलवे सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त होने वाली यात्रियों की खानपान और अन्य शिकायतों का त्वरित निपटान कर रही है। इस साल अप्रैल से अक्टूबर माह के बीच 1750 शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए रेलवे ने चार करोड़ 40 लाख से अधिक का जुर्माना ठेकेदारों पर लगाया है। रेल मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल यात्रियों की सेवा में सुधार के लिए रेल मदद पर पोस्ट होने वाली शिकायतों की निगरानी, त्वरित निवारण करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसके तहत रेलवे बोर्ड के कंट्रोल रूम में अधिकारियों की टीम सोशल मीडिया, रेल मदद ऑनलाइन, 139 पर होने वाली शिकायतों की 24 घंटे निगरानी कर रहा है।




### 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश दिवस का आयोजन

# मुख्यमंत्री ने किया मध्यप्रदेश मंडप का उद्घाटन

**मुख्यमंत्री की गतिशीलता प्रदेश के औद्योगीकीकरण में सहायक : मंत्री काश्यप**

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक संसाधनों और संपदा से संपन्न राज्य है। प्रदेश की हर काल और युग में विशेष सांस्कृतिक पहचान रही है।**

आधुनिक काल में औद्योगिक समृद्धि के आधार पर देश का नंबर वन राज्य बनाने के संकल्प के साथ प्रदेश में रोजगारपरक उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश की समृद्ध प्राचीन संस्कृति और कलात्मक धरोहर को संजोए रखते हुए जन-कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से उद्योग अनुकूल वातावरण तैयार कर प्रदेश में व्यापार, उद्योग और सेवा क्षेत्रों का वृहद विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में चल रहे 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग स्थित है। यह नदियों का मायका है, जहां पावन नर्मदा और शिप्रा नदियां बहती हैं। प्रदेश वन्य-जीव से संपन्न एकमात्र टाइगर स्टेट, तेंदुआ स्टेट और चीता स्टेट राज्य है। प्रदेश में खनिज संपदा भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है और यह एकमात्र हीरा उत्पादक राज्य है। इसके अलावा प्रदेश की सदियों से कला, संस्कृति और सभ्यता की विशेष पहचान रही है। इसका 5 हजार साल पुराना समृद्ध इतिहास रहा है और यह भगवान श्रीकृष्ण और भगवान श्रीराम की कर्मभूमि और तपोभूमि रही है।

### औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए संभाग से लेकर वैश्विक स्तर तक प्रयास जारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को आर्थिक रूप से देश का सबसे सशक्त राज्य बनाने के लिये प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए लगातार कार्य जारी है। प्रदेश में संभाग स्तर पर उद्योग समूहों को आमंत्रित कर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए जा रहे है, साथ ही तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में रोड-शो कर निवेशकों और उद्योग समूहों को प्रदेश में अपनी गतिविधियां संचालित करने और उनका विस्तार करने के लिए आमंत्रित किया गया। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं। अब भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वैश्विक स्तर से निवेशकों और उद्योग समूहों को प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए उनकी इंग्लैंड और जर्मनी की यात्रा प्रस्तावित है, साथ ही अन्य देशों की यात्रा की भी योजना है। मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा में यह बात कही।

## भारत-चीन विदेश मंत्री वार्ता... मानसरोवर यात्रा और सीधी विमान सेवाओं पर होगी आगे बातचीत

**नई दिल्ली (हि.स.)। भारत और चीन के विदेश मंत्रियों ने जी20 के इतर बैठक में कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा को फिर से शुरू करने, सीमा पार नदियों पर डेटा साझा करने, दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान और मीडिया संबंधी आदान-प्रदान पर चर्चा की।**

दोनों मंत्रियों ने महसूस किया कि हमारा ध्यान संबंधों को स्थिर करने, मतभेदों को ठीक से संभालने और आगे के कदम उठाने पर होना चाहिए। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने चीन के अपने समकक्ष वांग यी से कल रियो डी जनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन के मौके पर मुलाकात की थी। विदेश मंत्री वांग यी ने जयशंकर से सहमति व्यक्त की कि भारत-चीन संबंधों का विश्व राजनीति में विशेष महत्व है। दोनों मंत्रियों ने माना कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों के पीछे हटने से शांति और स्थिरता की दिशा में प्रगति हुई है। इस बात पर सहमति हुई कि विशेष प्रतिनिधियों और विदेश सचिव और उनके चीनी समकक्ष के बीच एक बैठक जल्द ही होगी। विदेश मंत्रालय की ओर से आज जारी बयान में बताया गया है कि जयशंकर ने इस दौरान स्पष्ट किया कि भारत अपने रिश्तों को दूसरे देशों के चश्मे से नहीं देखता।

### गोवा में 55वां आईएफएफआई का आगाज, 109 भारतीय फिल्मों का होगा प्रीमियर

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) का 55वां आयोजन का बुधवार से आगाज होने जा रहा है। 20 से 28 नवंबर तक गोवा में आयोजित होने जा रहे इस महोत्सव में 19 वैश्विक और अंतरराष्ट्रीय, 43 एशियाई, 109 भारतीय फिल्मों का प्रीमियर किया जाएगा। मंगलवार को गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने गोवा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आईएफएफआई के 55वें संस्करण की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान 81 देशों की 180 अंतरराष्ट्रीय फिल्में दिखाई जाएंगी।

## डिजिटल जुनून के कारण खेल के मैदान से दूर हो रहे हैं युवा : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली (हि.स.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को देश के युवाओं में डिजिटल जुनून पर चिंता व्यक्त की और कहा कि तेजी से आगे बढ़ती डिजिटल दुनिया युवाओं को वास्तविक खेल के मैदानों से दूर डिजिटल खेल के मैदानों की ओर धकेल रही है। धनखड़ त्यागराज स्टेडियम में स्पेशल ओलंपिक एशिया पैसिफिक बोक्से और बॉलिंग प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन खेलों के माध्यम से हम एशिया प्रशांत क्षेत्र में विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए समावेश और सम्मान का जश्न मना रहे हैं। यह भारत के सांस्कृतिक लोकाचार को दर्शाता है। स्पेशल ओलंपिक सार्वभौमिक समावेश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। धनखड़ ने कहा कि आज की तेज़ गति वाली डिजिटल दुनिया में हमारे युवा और बच्चे तेजी से छोटी प्लास्टिक स्क्रीन- मोबाइल के आदी होते जा रहे हैं। उन्हें असली खेल के मैदानों से दूर डिजिटल खेल के मैदानों में धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा, मैं विशेष रूप से प्रत्येक माता-पिता से यह सुनिश्चित करने के लिए कहूंगा कि इस छोटी प्लास्टिक स्क्रीन के कारण बच्चे असली खेल के मैदानों से वंचित न हों।

### विनोद तावड़े पर लगे आरोपों को भाजपा ने बताया बेबुनियाद, कहा-

# हार की आशंका में विपक्ष का झूठा प्रचार

**नई दिल्ली (हि.स.)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतदान से एक दिन पहले मंगलवार को चुनाव आयोग की टीम ने एक होटल में कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महामंत्री विनोद तावड़े के कमरे से करोड़ों रुपये और कागजात जब्त किए हैं।**

आयोग ने विनोद तावड़े और भाजपा उम्मीदवार राजन नाइक के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करायी है। इस मामले में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा ने अपने महामंत्री विनोद तावड़े को पूरी तरह से निर्दोष करार दिया है। भाजपा ने इसे विपक्ष की साजिश बताते देते हुए उनकी हताशा बताया है। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी(एमवीए) की ओर से आखिरी कोशिश के तौर पर बेबुनियाद आरोप लगाया गया है। विनोद तावड़े हमारे राष्ट्रीय महामंत्री हैं और पार्टी के कई कार्यों को देख रहे हैं। नालासोपारा निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार ने उन्हें बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। वे उस इलाके से गुजरने वाले थे इसलिए वे वहां होटल में गए। ऐसी बैठकें पार्टी कार्यकर्ताओं को मतदान प्रक्रिया के बारे में निर्देश देने के लिए की जाती हैं। इसमें किसी प्रकार का लेन-देन नहीं होता।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि चुनाव आयोग को होटल के सी.सी.टी.वी. और आसपास के इलाकों की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। 5 करोड़ रुपये जेब में नहीं लाए जा सकते। अगर कोई इसे जेब में रखेगा तो यह दिखाई देगा। विपक्ष को इन आरोपों को साबित करने के लिए सबूत दिखाना चाहिए और निराधार आरोप नहीं लगाना चाहिए। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि महाराष्ट्र, झारखंड और कई राज्यों के उपचुनावों में भाजपा और एनडीए की जीत हो रही है इसलिए विपक्ष हताश और निराश है। विपक्ष अंतिम दांव के तौर पर इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगाने में जुट गया है। चुनावों को प्रभावित करने के प्रयास के तहत महा विकासअघाड़ी ऐसे आरोप लगा रही है। देश की जनता को भ्रम में डालने का प्रयास है लेकिन लोग विपक्ष की चाल को भलीभांति समझते हैं। फिर चाहे पर्दे में वोटिंग कराना हो, धर्मगुरू से हिंसा करवाना हो अथवा बगैर सीसीटीबी फुटेज के निरर्थक आरोप लगाना हो। साफ है हार की हताशा में इस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं। महाराष्ट्र और झारखंडऔर उपचुनावों में जनता एनडीए के पक्ष में जनादेश देने जा रही है।

## अखिलेश यादव ने नौजवानों से अग्निपथ योजना को स्वीकार न करने की अपील की

**हरिद्वार (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश उपचुनाव में सभी नौ सीटों पर भारतीय जनता पार्टी हार रही है। यानी भाजपा प्रतिशत के हिसाब से सौ फीसदी हार रही है। उन्होंने नौजवानों से अग्निपथ योजना को स्वीकार नहीं करने की अपील की।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सोमवार की देर रात हरिद्वार पहुंचे थे और स्थानीय पीलीभीत हाऊस रात्रि विश्राम किया था। मंगलवार को यहां अखिलेश यादव ने पत्रकारों से कहा कि उत्तराखंड के सपने साकार नहीं हुए। उन्होंने भाजपा पर नकारात्मक राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि उप्र में नारायण दत्त तिवारी सरकार में जो काम हुए भाजपा सरकार उससे आगे नहीं बढ़ सकी।अग्निवीर योजना पर हमला करते हुए यादव ने नौजवानों से अग्निवीर को स्वीकार नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना फौजी को सम्मान दिलाने वाली नहीं बल्कि सम्मान छीनने वाली योजना है। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव के रक्षा मंत्री के कार्यकाल में शहीद होने वाले सैनिकों के पार्थिव शरीर को निवास तक लाने और सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। उन्होंने भाजपा सरकार की जन विरोधी योजनाओं के खिलाफ देशभर के नौजवानों, किसानों व व्यापारियों से भाजपा के खिलाफ खड़े होने की अपील की। उल्लेखनीय है कि अखिलेश यादव मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर हो रहे उपचुनाव में प्रचार के लिए आए थे, लेकिन विजिबिलिटी न होने के कारण उनका हेलीकॉप्टर वहां नहीं उतर सका।

### महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों पर वोटिंग आज

# भाजपा 149, कांग्रेस 101 सीटों पर लड़ रही

**मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को सिंगल फेज में वोटिंग होगी। शिवसेना और राष्ट्वादी कांग्रेस पार्टी (NCP) में टूट के बाद कुल 158 दल चुनाव मैदान में हैं। इनमें 6 बड़ी पार्टियां दो गठबंधनों का हिस्सा बनकर चुनाव लड़ रही हैं।**

भाजपा की अगुआई में शिंदे गुट की शिवसेना और अजित पवार की NCP महायुति का हिस्सा हैं। जबकि कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना (UBT) और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) यानी NCP(SP) महाविकास अघाड़ी का हिस्सा हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा-शिवसेना का गठबंधन था। तब भाजपा ने 105 और शिवसेना ने 56 सीटें जीती थीं। जबकि कांग्रेस को 44 और NCP को 54 सीटें मिलीं थीं। भाजपा-शिवसेना आसानी से सत्ता में आ जातीं, लेकिन गठबंधन टूट गया। तमाम सियासी उठापटक के बाद 23 नवंबर, 2019 को देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री और अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली, लेकिन बहुमत परीक्षण से पहले ही 26 नवंबर को दोनों को इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद 28 नवंबर को शिवसेना, NCP और कांग्रेस की महाविकास अघाड़ी सरकार सत्ता में आई।

उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के CM बने। करीब ढाई साल बाद शिवसेना और उसके एक साल बाद NCP में बगावत हुई और 2 पार्टियां 4 दलों में बंट गईं। इसी राजनीतिक पृष्ठभूमि पर हुए लोकसभा चुनाव में शरद पवार और उद्धव ठाकरे की पार्टियों को बढ़त मिली थी।



**महाराष्ट्र में वोटिंग से पहले विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप**

महाराष्ट्र में मतदान से एक दिन पहले मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर नालासोपारा में पैसे बांटने के आरोप लगे हैं। उसके बाद इस मामले में चुनाव आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। तावड़े के साथ ही भाजपा उम्मीदवार राजन नाईक के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि, विनोद तावड़े ने इसे अपने विरुद्ध महाविकास आघाड़ी कार्यकर्ताओं की साजिश करार दिया है।

### मुंबई में विस चुनाव के लिए 25,000 पुलिसकर्मी तैनात

मुंबई में विधानसभा की 36 सीटों पर सुरक्षित मतदान संपन्न करवाने के लिए 25,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए दंगा नियंत्रण पुलिस की तीन टुकड़ी भी तैनात की गई है। यह जानकारी मुंबई पुलिस आयुक्तालय ने दी है। मुंबई में विधानसभा की कुल 36 सीटें हैं। इनमें मालाड पश्चिम, जोगेश्वरी पूर्व, अंधेरी पश्चिम, बांद्रा पूर्व, कुर्ला, भायखला आदि सीटों को संवेदनशील माना जाता है। इसे देखते हुए मुंबई में सुरक्षित मतदान संपन्न करवाने के लिए मुंबई पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करते हुए पांच अतिरिक्त आयुक्त, 20 उपायुक्त, 83 सहायक पुलिस आयुक्त और 2,000 से अधिक अधिकारी और 25,000 से अधिक कांस्टेबलों को शहर में निगरानी के लिए नियुक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनजातीय गौरव दिवस : निबंध एवं कविता प्रतियोगिता संपन्न




**बाग, निप्र।** शासन के निर्देशानुसार क्रांतिसूर्य बिरसा मुंडा के जन्मदिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 15 नवंबर से दिनांक 26 नवंबर तक विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाना है जिसके तहत शासकीय सी एम राईज विद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा आधारित रांगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालिकाओं ने जनजातीय शहीदों के चित्र विभिन्न आकर्षक रंगों द्वारा बनाए। कविता प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शहीदों की गाथाएं गीतों में प्रस्तुत की। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डी.एस.बघेल, उमाशि दिनेश अजनारे, पारस परिहार, नीतू यादव, श्रुति वैष्णव, मनीषा राठी एवं स्टाफ मौजूद रहे।

### गाड़ी के ऊपर छकड़ा बैलगाड़ी



**धामनोद, निप्र।** आधुनिकता की इस दौड़ में दशकों पूर्व चलने वाली छकड़ा गाड़ी अब नदारद सी हो गई है लेकिन कुछ किसानों के पास आज भी यह गाड़ी है धामनोद नगर से एक पिकअप के ऊपर छकड़ा गाड़ी (बैलगाड़ी) रखी हुई गुजरी गाड़ी में आगे बेल भी थे हर कोई इस गाड़ी को देखकर अपने पुराने बीते गांव के दिन याद कर रहे थे।

### जोशी बने कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष




**बदनावर, निप्र।** लंबे समय से कांग्रेस सेवा दल में अपने कार्यों का निष्ठा से निर्वहन करने वाले जुझारू नेता जितेंद्र जोशी पर आला कमान ने भरोसा जताते हुए कांग्रेस सेवा दल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। भारतीय कांग्रेस सेवा दल से प्रशिक्षण प्राप्त नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रचार व मंत्री के रूप में शुरुआत करी बाद में प्रेस प्रवक्ता बने और जिला कांग्रेस सेवा दल के कोषाध्यक्ष पद पर काम करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भी रहे। विगत 25 वर्षों से लगातार सेवादल में सेवा देने के पश्चात जोशी को जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका मिली है। श्री जोशी राजनीति के अलावा प्रेस क्लब श्रमजीवी पत्रकार संघ के नगर अध्यक्ष के साथ-साथ ब्राह्मण समाज के जिला कार्यकारिणी सदस्य हैं। श्री जोशी की नियुक्ति पर ईस्ट मित्रों एवं कांग्रेस की कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।

### राज्यपाल को मांडू आने का न्योता दिया विकास की योजनाओं पर हुई चर्चा



**धामनोद, निप्र।** धरमपुरी विधायक कालू सिंह ठाकुर के साथ क्षेत्र के अन्य लोग भोपाल राजभवन पहुंचे और वहां महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल से मुलाकात की। इस दौरान धरमपुरी विधायक कालू सिंह ठाकुर ने विधानसभा क्षेत्र के विकास के मुद्दों को लेकर राज्यपाल से लंबी चर्चा की और उन्हें यहां की जनजातीय संस्कृति और उनकी विशेषताओं से भी अवगत कराया। विधायक ठाकुर ने राज्यपाल को मांडू के इतिहास से अवगत करवाते हुए यहां पर पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ आदिवासी संस्कृति के प्रसार को लेकर भी चर्चा की। विधायक ठाकुर ने राज्यपाल को बताया कि मांडू में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में देसी विदेशी पर्यटक आते हैं। यहां राज्य शासन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रहा है और कई विकास कार्य भी तेजी से जारी है पर मांडू को और भी आगे विश्व पटेल पर लाने के लिए यहां विशेष प्रयास करने होंगे। विधायक ठाकुर ने इस दौरान उन्हें मांडू आने का न्योता दिया जिसे राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने शहर से स्वीकार कर जल्द ही मांडू आने की बात कही। विधायक ठाकुर ने बताया कि महामहिम राज्यपाल ने सभी विकास के मुद्दों को बड़ी गंभीरता से सुना और उन्हें अपने स्तर से तत्काल आगे बढ़ाकर सरकार को भेजने की बात कही। उन्होंने कहा कि मांडू ऐतिहासिक और धार्मिक पर्यटन स्थल के साथ आदिवासी संस्कृति के पर्यटन केंद्र के रूप में भी बड़ा स्थान बने इसके लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे धामनोद विधायक प्रतिनिधि ममता वर्मा भी साथ मौजूद थी।

### जनसुनवाई में आए कुल 105 आवेदन



**धार, निप्र।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार एसडीएम रोशनी पाटीदार, संयुक्त कलेक्टर द्वय शाश्वत शर्मा और जगदीश मेहरा ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुना और सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस जनसुनवाई में कुल 105 आवेदन आए। इस जनसुनवाई में आर्थिक सहायता दिलवाने, नामांतरण करवाने, खेत तक जाने का रास्ता खुलवाने, चरनोई से कब्जा हटवाने, अतिक्रमण हटवाने, आम रास्ते से कब्जा हटवाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने, सीमांकन करवाने, लोन दिलवाने, मुआवजा राशि दिलवाने, पुलिया निर्माण करवाने, पेंशन दिलवाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

# बारिश थमी तो सड़कों पर उड़ती धूल बरपाने लगी कहर, सांसों में घुल रहा जहर

**पर्यटन नगरी मांडू की सड़क पर उड़ रहे हैं धूल के गुब्बारे, शहर के लोग और यहां आने वाले पर्यटक इससे परेशान, एलर्जिक लोगों के लिए ज्यादा परेशानी**

विनय उजाला

**मांडू, निप्र। पर्यटन नगरी मांडू शहर की मुख्य सडक़ों का बारिश के बाद बुरा हाल हो गया है। सडक़ का डामर उखड़ गया है। गिड्टी का जीरा सडक़ पर बिखर गया है। ज्यादातर सडक़ों पर धूल के गुबार उड़ रहे हैं। दिन रात उडने वाली इस धूल से रहागीर व स्थानीय निवासियों के फेंफड़ों और आंखों में भर रही है।जिससे आंखों की समस्या के साथ ही सर्दी, खांसी और एलर्जी के मरीज बढ़ रहे हैं। धूल के कारण ही सर्दी-खांसी के मरीजों को स्वस्थ होने में तीन दिन के वजाए एक सप्ताह और कभी कभी 15 दिन तक लग रहे हैं।**

बारिश के थमते ही शहर की जर्जर सड़कों पर धूल के गुबार उड़ने लगे हैं। इस परेशानी का सामना सबसे अधिक दोपहिया वाहन चालकों को करना पड़ रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि शहर में 78 प्रतिशत नागरिक दो पहिया वाहन चलाते हैं, जिनकी सांसों में यह धूल का जहर घुल रहा है। अगर इसी तरह धूल उड़ती रही तो लोगों को आंख, नाक और सांस संबंधी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। यदि जल्द ही सड़कों से धूल नहीं हटाई गई तो बहुत लोग बीमारियों की चपेट में आ जाएंगे।डॉक्टरों का कहना है कि यह धूल सबसे अधिक एलर्जिक लोगों के लिए घातक है। इस धूल की वजह से गाड़ी चलाते वक्त एलर्जिक व्यक्ति को सांस के दौरे तक पड़ सकते हैं।

#### हर किसी के लिए मुसीबत बनी धूल

मांडू नगर के मुख्य चौराहे से लेकर जमा मस्जिद महल और श्वेतांबर जैन मंदिर तक इस धूल ने सडक़ किनारे दोनों पट्टियों में बने



घर और दुकान दुकानदार के साथ यहां आने वाले पर्यटक भी इस धूल और गाडो से परेशान हो रहे है। साथ ही इन गढ़ों में दो पहिया वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। बारिश के समय हुए गड्ढों की मिट्टी धीरे-धीरे बाहर आ गई और जैसे ही कोई भारी वाहन सडक़ से निकलता है, तो मिट्टी से बने धूल के गुबार राहगीरों को परेशानी का सबब बन जाते हैं। साथ ही सडक़ पर दुकान खोले दुकानदार रोजाना गड्ढ़ों की धूल खाकर बीमारी की ओर बढ़ रहे हैं।

#### ये हो रही समस्या

डॉक्टर संदीप पाटीदार का कहना है कि उनके पास आने वाले मरीजों में ऐसे मरीज भी हैं, जो स्ट्रीट वेंडर हैं। दिनभर धुआं-धूल, ध्वनि प्रदूषण के बीच रहते हैं। लंबे समय में इन सब प्रदूषणों का स्वास्थ्य पर बुरा असर होता है। लोगों को सर्दी-खांसी जैसी समस्या वायु प्रदूषण के कारण ही बढ़ी है। प्रदूषण के कारण लोगों में स्किन को लेकर भी समस्या हो रही है। जो लोग पूरे समय धूल, धुआं के संपर्क में रहते हैं, उनके शरीर में आंतरिक समस्या के साथ ही बाहरी समस्या भी होती है। हवा में धुआं, धूल के कण बढने से श्वांस संबंधी परेशानी होती है। खासकर बुजुर्ग व बच्चे प्रदूषित वायु के चलते ब्रोनकाइटिस जैसी बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। कुछ लोगों की समस्या बढकर अस्थमा बन जाता है। एलर्जी के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। जिन्हें धूल व धुआं से एलर्जी हो रही है।

#### सड़क से गुजरते समय सांस लेना मुश्किल

शहर की सडक़ों पर उड़ रही धूल के कारण वाहन चालकों को सांस लेना भी मुश्किल होने लगा है। दो पहिया वाहन चालक मुंह में कपड़ा बांधकर निकलने के लिए मजबूर हैं। अहम बात यह है कि जो लोग धूल से गुजरते हैं, वह अचानक नाक बंद करते हैं। ऐसे में दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

#### शहर में वाहनों की स्थिति

78 प्रतिशत - दोपहिया वाहन
28 प्रतिशत - चार पहिया वाहन

*सड़कों से धूल हटाने के लिए सफाई करवा रहे हैं, सड़क एमपी आरडीसी विभाग की है, गड्ढे हो गए हैं बारिश के उनमें से धूल के गुब्बारे उड़ रहे हैं हम धूल सड़कों से सफाई कर कर पानी से साफ करेंगे।*

**-लालसिंह राठौड़, सीएमओ नगर परिषद मांडू**

*प्रस्ताव बनाकर भेजा है जल्द स्वीकृत होने के बाद इस सड़क का कार्य करेंगे।*

**-श्याम गुप्ता, महाप्रबंधक, एमपीआरडीसी विभाग धार**

# जनपद के सामने स्थित शासकीय भूमि पर नगर परिषद कांप्लेक्स समेत अन्य निर्माण कार्य करेगी

विनय उजाला

**बदनावर, निप्र।** बड़ी चौपाटी के पास जनपद पंचायत के सामने स्थित शासकीय रिक्त भूमि पर नगर परिषद द्वारा कांप्लेक्स निर्माण के साथ ही अन्य विकास कार्य किए जाएंगे। जिसको लेकर कलेक्टर ने यह भूमि नगर परिषद को आवंटित की है। जिसको लेकर अब नगर परिषद ने विकास कार्यों की तैयारी शुरू कर दी है। भूमि आवंटन के बाद प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव ने नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव समेत जनप्रतिनिधियों के साथ भूमि का अवलोकन किया तथा निर्माण कार्य के कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली।



मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के सामने स्थित शासकीय रिक्त भूमि के आवंटन के लिए राजस्व विभाग से मांग की थी। जिसके बाद एसडीएम दीपक चौहान व तहसीलदार सुरेश नागर ने भूमि आवंटन का प्रस्ताव बनाकर कलेक्टर को भेजा था। जिसके तहत खसरा क्रमांक 2107/2 क्षेत्रफल 1.697 हेक्टेयर में से क्षेत्रफल 0.697 हेक्टेयर भूमि कलेक्टर प्रियंक मिश्र ने नगर परिषद को आवंटित की है। जिसमे नगर परिषद द्वारा सर्वसुविधायुक्त बड़ा कांप्लेक्स का निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा भूमि पर दुकानों का निर्माण समेत अन्य जनउपयोगी कार्य करेगी। भूमि आवंटन पर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पवार, नगर परिषद के इंजीनियर सारंग पौराणिक आदि के साथ में भूमि का अवलोकन किया तथा नगर परिषद के कार्य योजना के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने यहां करीब 40 करोड़ की लागत से तैयार हो रहे सीएम राइज स्कूल के निर्माण कार्य को भी देखा तथा निर्माण कंपनी के ठेकेदार व इंजीनियर से चर्चा की। इस अवसर पर हल्का पटवारी कविता पाटीदार, पार्षद प्रतिनिधि संतोष चौहान, भेरूलाल डावर, भाजयुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नजमु बोहरा, भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अक्षय शर्मा, पूर्व पार्षद पंकज ठाकुर, मनीष गुर्जर, मितेश शर्मा, आकाश ऊंटवाल, शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष विवेक पाटीदार, चिंटू पहलवान, जावेद खान, संदीप मुकाती आदि भी साथ थे। नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ी चौपाटी क्षेत्र में लंबे समय से बड़ा कंपलेक्स एवं अन्य सुविधाओं की दरकार थी। जिसको लेकर कलेक्टर से भूमि आवंटित करवाई गई है। अब यहां पर जल्द ही बड़ा कंपलेक्स, दुकान निर्माण समेत अन्य विकास कार्य करवाए जाएंगे। जिससे शहरवासियों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को लेकर कार्य योजना बनाई जा रही है।

# श्री सिद्ध वाघेश्वर महादेव का हुआ दिव्य श्रृंगार

**छप्पन भोग लगाकर मनाया अन्नकूट महोत्सव**

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** नगर के मध्य स्थित सांई सिटी कालोनी परिसर स्थित श्री सिध्द वाघेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार तीज तिथि को अन्नकूट महोत्सव मनाया गया।

महिला भक्त मंडली द्वारा मंदिर प्रांगण मे रंगोली बना कर अपने इष्ट के प्रति अपने भाव प्रकट किये। साथी ही मंदिर शिखर व सभामंडप को आकर्षक विद्युत साजसज्जा की गई। भगवान भोलेनाथ को निवासरत परिवारजनों ने अपने घरो मे बनाये 56 भोग लगाए गए। नगर के श्रद्धालुओं द्वारा अकोट महाप्रसादी में बना भोग रामभाजी(भेलसेल) पुडी, आलुबडे, मालपुऐ का आनंद भण्डारों में लिया गया। नगर के श्रदालुओं व ब्रह्मलीन संत श्री लक्ष्मण गिरि सरकार की तपोस्थली में अनेको अनुष्ठानों में अपने सानिध्य मे संपन्न कर चुके



संत श्री सूरजपुरी जी महाराज की विशेष सानिध्य में उपस्थितजनो ने अन्नकूट महोत्सव की महाआरती उतारी गई।श्री सिद्ध बागेश्वर महादेव मंदिर पर बाबा महाकाल के स्वरूप में आकर्षण श्रृंगार नगर कि बेटी, बहन रश्मि अशोक बोडाना द्वारा किया गया।



# बाहेती परिवार डही ने किया स्वर्गवास पश्चात नेत्रदान

विनय उजाला

**डही, निप्र।** वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष चंद्र बाहेती ने अपनी धर्मपत्नी स्व. कौशल्या बाई बाहेती के स्वर्गवास पश्चात नेत्रदान के लिए बाहेती परिवार एंव स्नेहीजनों की सहमति से नेत्र संकलन केंद्र पिपल्या को अवगत करवाया। नेत्र संकलन के लिए सहयोगियों ने नेत्र संकलन के संचालक को सूचना दी। तत्काल नेत्र संकलन केंद्र पिपल्या निसरपुर की टीम जिनमें प्रमुख गुमानसिंह चौहान गार्निया रिटायवर आफिसर एवं जगदिश सागरिया प्रेरक व गेंदालाल चौहान सहायक ने बाहेती परिवार डही के निवास पर जाकर दोनों नेत्रों से कार्निया निकाल कर नेत्रदान करवा कर नेत्रदान महादान को सार्थक किया। इस कार्निया से दो व्यक्ति को रोशनी मिलेगी। माहेश्वरी समाज डही ने इस वर्ष दो नेत्रदान किए है। जिनकी नगर में सराहना की जा रही है।

# चूना डाल दुकानों को हद में लगाने की समझाइश दी, हद से बाहर होने पर होगी चालानी कार्रवाई

विनय उजाला

**डही, निप्र।** मुख्य सड़क मार्ग एवं मुख्य बस स्टैंड स्थित इलाके में लंबे समय से व्याप्त अव्यवस्थाओं को ठीक करने के लिए प्रशासन की मुहिम लगातार जारी है। मंगलवार को प्रशासनिक अमले ने चूने की लाइन डालकर व्यापारियों को हद में रहने की हिदायत दी है। सीएमओ रमेश सतपुड़ा की अगुवाई में प्रशासन द्वारा आज फिर मुहिम शुरू की गई।

गौरतलब हो कि डही नगरीय क्षेत्र में मुख्य बस स्टैंड सहित पूरे सड़क मार्ग के दोनों ओर स्थाई दुकानदारों द्वारा बाहर सामान रखकर फैलाए जा रहे अतिक्रमण एवं अस्थाई फल एवं सब्जी दुकानदारों द्वारा अस्त व्यस्त हालात में दुकानें लगाए जाने के चलते भारी अव्यवस्था फैल रही



थी। इस अव्यवस्थाओं के चलते लोगों का चलना एवं वाहनों का निकलना दूभर हो रहा था। नगर परिषद सीएमओ रमेश सतपुड़ा के संज्ञान में यह मुद्दा आने पर उन्होंने कार्ययोजना बनाकर पहले फल, सब्जी एवं फुटकर दुकानदारों को थाना स्थिति प्रांगण के पास विस्थापन के लिए अभियान चलाया। बाजार कुछ दिन विस्थापित क्षेत्र में भी लगा। परन्तु शासन की इस मुहिम को ठेंगा दिखाते हुए कुछ दुकानदार दोबारा सड़कों पर आ गए। वही स्थाई दुकानदारों ने मुख्य सड़क मार्ग तक अपना सामान फैला लिया। जिनके कारण यातायात व्यवस्था पर विपरित प्रभाव पड़ रहा था। जिसको देखते हुए प्रशासन ने सख्ती से कार्रवाई करते हुए सड़क एवं मुख्य बस स्टैंड से दुकानदारों को हद में दुकान लगाने की चेतावनी दी। प्रशासन ने दुकानदारों एवं नागरिकों से व्यवस्था को ठीक करने में अपना योगदान देने की अपील भी की। साथ ही नगर परिषद को निर्देश दिए कि रोजाना इस इलाके में चूने की लाइन डालकर सीमा रेखा निश्चित करें तथा सीमा रेखा के बाहर आने वाले दुकानदारों एवं वाहनों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि कार्ययोजना बनाकर अस्थाई दुकानदारों को वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

**जी20 सम्मेलन के बाद एक बार फिर मांडू में 27 नवंबर को मध्य एशियाई देश के 150 डेलीगेट मांडू के ऐतिहासिक महलों का करेंगे दीदार**

# यूरेशियन समूह का दल 27 को मांडू भ्रमण पर

सोमनाथ तिवारी

**मांडू, निप्र। जी20 के बाद एक बार फिर मांडू में विदेशी मेहमान ऑन के आने का कार्यक्रम तय हुआ, उनसे जुड़ी व्यवस्थाओं को लेट का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी, मांडू में उन्हें दी जाने वाली मूलभूत सुविधा को लेकर निरीक्षण कर ठीक करने के निर्देश दिए, पर्यटन नगरी मांडू को एक बार फिर विदेशी मेहमानों के स्वागत का अवसर मिला है।**

27 नवंबर को मध्य एशिया के देश के करीब 150 डेलिगेट्स मांडू के प्राचीन ऐतिहासिक महलों के दीदार के साथ यहां की संस्कृति को आत्मसात करने यह मेहमान मांडू पहुंचेंगे। इन अतिथियों के मांडू आगमन की तैयारी को लेकर केंद्रीय अधिकारियों की एक टीम के साथ जिला प्रशासन के कलेक्टर सहित जिले के अन्य अधिकारी ने मांडू पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पिछले वर्ष द्20 सम्मेलन में यहां विदेशी मेहमान भ्रमण कर चुके हैं ठीक उसी प्रकार एक बार फिर मांडू में 27 नवंबर को उनके आगमन को लेकर भारतीय राजस्व सेवा की अधिकारी सनमुगा प्रिया के साथ जिले के कलेक्टर प्रियंक मिश्रा पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने



मांडू क जहाज महल और लाइट एंड साउंड के स्थान हिंडोला महल को देखा, और यहां सभी विभाग के अधिकारियों को यहां निर्देश दिए यहां इनसे जुड़ी व्यवस्थाओं को चोबन्ध करने के लिए, करीब 15 देश के डेलिगेट्स मांडू आएंगे। मध्य एशिया देश का एक महत्वपूर्ण संगठन है और इसका कार्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धन शोधन और आतंकवाद के वित्त पोषण से निपटने के लिए कार्य करना है।

#### यह शेड्यूल रहेगा अतिथियों का

मांडू के ऐतिहासिक महलों के भ्रमण के साथ यहां रात्रि का डिनर और शाम को मांडू के हिंडोला महल में लाइट एंड साउंड शो को देखेंगे यह अतिथि उसके बाद यह दल पुन: इंदौर के लिए रवाना होगा।

#### कलेक्टर ने दिए सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने के निर्देश

आने वाले विदेशी मेहमानों के स्वागत और सत्कार के साथ यहां उन्हें दी जाने वाली मूलभूत सुविधा को लेकर कलेक्टर मिश्रा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं तत्काल बच्चे दोनों में व्यवस्थाएं ठीक करें,

#### निरीक्षण के दौरान यह अधिकारी मौजूद थे

धार अपर कलेक्टर अश्विन रावत, सहायक कलेक्टर वसीम अहमद भट्ट, तहसीलदार राहुल गायकवाड, एसडीओपी मोनिका सिंह, पीथमपुर सीएमओ निशिकांत शुक्ला, मांडू नगर परिषद से सादिक खान, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री सारंग ने किया सुभाष नगर में प्रस्तावित सिविल अस्पताल के निर्माण स्थल का निरीक्षण



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को नरेला प्रस्तावित सिविल अस्पताल के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ नगर निगम, पीडब्लूडी, स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण कर तय समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने हेतु निर्देशित किया। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि सुभाष नगर में प्रस्तावित अस्पताल के निर्माण के लिए प्लान तैयार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह 30 बिस्तरीय सिविल अस्पताल अत्याधुनिक जांच सुविधाओं से युक्त होगा। इससे नरेला क्षेत्र के करीब 5 लाख नागरिकों को लाभ मिलेगा। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सुभाष नगर में 20 हजार वर्ग फीट में अस्पताल भवन का निर्माण किया जायेगा। इसमें ओ.पी.डी., सोनोग्राफी, एक्स-रे, ड्रेसिंग रूम, प्लास्टर रूम, ओ.टी. रूम, लेबर रूम, नर्स रूम, स्टोर रूम, टेक्निशियन रूम, पैथोलॉजी लैब, एन.बी.एस.आई रूम सहित 30 बिस्तर वार्ड की सुविधाएं प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि यह सिविल अस्पताल लगभग 1 वर्ष में जनता के लिये बनकर तैयार हो जायेगा। साथ ही अगले 3 वर्षों में अस्पताल की क्षमता को बढ़ाकर 100 बिस्तरीय करने के प्लान पर भी काम किया जायेगा।

### प्रदेश के 20 जिलों में 400 करोड़ रुपए लागत से बनेंगे 100 ट्रायबल छात्रावास

**भोपाल, निप्र।** जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में जनजातीय विद्यार्थियों की शिक्षा-दीक्षा एवं उनकी आवासीय सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत केन्द्र सरकार ने देश के सभी प्रदेशों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार ट्राइबल छात्रावासों के निर्माण के लिये स्वीकृति दी है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा भेजे गये प्रस्ताव को मान्य करते हुए 20 जिलों में 100 ट्राइबल छात्रावासों के निर्माण की मंजूरी दी गई है। 20 जिलों के 50 ब्लॉक ?स में (हर ब्लॉक में) 2-2 ट्राइबल छात्रावासों बनाये जायेंगे। यह सभी ट्राइबल छात्रावासों 4-4 करोड़ रूपये की लागत और 100-100 सीटर होंगे। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि अभियान के तहत अलीराजपुर जिले के अलीराजपुर, जोबट, कट्ठीवाड़ा, सोण्डवा एवं उदयगढ़, बड़वानी जिले के पानसेमल एवं पाटी, बैतूल जिले के भीमपुर, मुल्ताई एवं शाहपुर, छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा, बिछुआ, हर्रई, जुन्नारदेव, परासिया एवं तामिया, दमोह जिले के तेंदूखेडा, डिंडोरी जिले के डिंडोरी, मेहंदवानी, समनापुर एवं शाहपुरा, जबलपुर जिले के कुंडम, झाबुआ जिले के पेटलावद, रामा, रानापुर एवं थांदला, खरगोन जिले के भगवानपुरा, भीकनगांव एवं झिरन्या, मंडला जिले के नारायणगंज, नरसिंहपुर जिले के नरसिंहपुर, पन्ना जिले के पवई, सतना जिले के रामपुर-बघेलान, सीहोर जिले के नसरूल्लागंज, सिवनी जिले के छपारा, धनौरा, कहानापस (घन्सौर) एवं लखनादौन, शहडोल जिले के ब्यौहारी, बुढ़ार एवं जयसिंहनगर, श्योपुर जिले के कराहल एवं विजयपुर, शिवपुरी जिले के खनियांधाना एवं शिवपुरी, सीधी जिले के सीधी एवं सिंहावल तथा सिंगरौली जिले के बैढ़न, चितरंगी एवं देवसर में यह हॉस्टलस् बनाये जायेंगे।

### विज्ञान मेले में एम.पी. ट्रांसको को मिला द्वितीय स्थान



**भोपाल, निप्र।** विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार थीम पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर के विज्ञान मेले 2024 में एम.पी. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के स्टॉल को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर ट्रांसको के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है। महाकौशल विज्ञान परिषद द्वारा वेटरनरी कॉलेज जबलपुर में पहली बार आयोजित महाकौशल विज्ञान मेले में केन्द्र, राज्य, सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों सहित शैक्षणिक संस्थाओं के 111 स्टॉल प्रदर्शित किये गये थे। इसमें से एम.पी. ट्रांसको के स्टॉल को द्वितीय स्थान के लिये चयनित किया गया। चार दिवसीय इस विज्ञान मेले में एम.पी. ट्रांसको के स्टॉल में स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों से लेकर आम नागरिकों ने काफी दिलचस्पी दिखाई। कुल 3 लाख 25 हजार 949 आगंतुको ने एम.पी. ट्रांसको के स्टॉल में विजिट कर जानकारी हॉसिल की। एम.पी. ट्रांसको को यह पुरूस्कार मध्यप्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क में विभिन्न नवाचार करने, ट्रांसमिशन एलीमेंटस एच.एम.आई तकनीक से नियंत्रित और ऊर्जीकृत करने के साथ ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स में अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करने के विभिन्न मॉडलो के प्रदर्शन और सरल भाषा में आगंतुको को व्याख्या करने की उत्कृष्ट प्रस्तुति के आधार पर दिया गया है।

# युवाओं को रोजगार देने के लिए संकल्पबद्ध सरकार, भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के रिक्त पदों को भरने के आदेश जारी, वर्ष-वार भर्ती कैलेंडर जारी, युवाओं को मिलेंगे शासकीय सेवा में नौकरियों के अवसर

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राज्य शासन अगले 5 वर्षों में 2 लाख 50 हजार सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति करने के आदेश जारी कर दिए हैं। रिक्त पदों पर भर्ती के लिए हर साल सरकारी परीक्षा कैलेंडर जारी किया जायेगा।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने संकल्प पत्र-2024 के बिन्दु रोजगार के अवसर में युवाओं को सरकारी नौकरियों में सेवा का अवसर देने संकल्प दोहराया है। इस संकल्प को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकारी नौकरियों में भर्ती की सभी औपरिकताएं पूरी की जा रही हैं और जल्दी ही भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू की जायेगी। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने सभी विभागों को भर्ती की प्रक्रिया संबंधी औपचाकिताएं पूरी करने के निर्देश दिये हैं, जिससे वर्षवार भर्ती की प्रक्रिया बिना रूकावट पूरी की जा सके। राज्य शासन के इस निर्णय से सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पहले जारी निर्देश एवं आदेश निष्प्रभावी होंगे लेकिन पहले जारी आदेशों, परिपत्रों के आधार पर ऐसे रिक्त पदों पर, जिन पर विभागों द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर, 2024 तक भर्ती की कार्यवाही कर दी गई है, वह निरस्त नहीं मानी जायेगी। इनमें सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कार्यवाही कर्मचारी चयन मण्डल, म.प्र. लोक सेवा आयोग/ अन्य संस्था को प्रेषित किये गये हैं। इसके अलावा नियुक्ति की जा चुकी है परंतु कार्यभार ग्रहण किया जाना शेष है या परीक्षा परिणाम के आधार पर नियुक्ति पत्र जारी किया जाना शेष है। मुख्य रूप से संवर्ग में स्वीकृत पदों के आधार पर 5 प्रतिशत पदों की ही सीधी भर्ती से पदपूर्ति करने के लिए प्रशासकीय विभाग को अधिकृत किया गया है। यह परिपत्र वर्ष 2028-29 तक के लिये स्थगित किया जाता है। राज्य शासन द्वारा प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी एवं तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति गणना के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया है। इसके अनुसार सर्वप्रथम प्रत्येक संवर्ग में 1 अप्रैल 2024 की स्थिति में सीधी भर्ती के रिक्त पदों की गणना की जायेगी। इनमें ऐसे पद जिनके संबंध में कार्यवाही कर्मचारी चयन मंडल/ एमपीपीएससी या अन्य संस्थाओं में प्रचलन में है, रिक्त पदों की गणना में शामिल नहीं किए जायेंगे। ऐसे 13 प्रतिशत पद जो पिछड़ा वर्ग के लिए अंतिम परीक्षा परिणाम के बाद रोके गए हैं, इनको भी रिक्त पदों की गणना में नहीं लिया जायेगा। ऐसे संवर्ग जिनमें रिक्त पदों की संख्या 1 से 50 तक है, की पद पूर्ति दो चरणों में की जायेगी (अर्थात 50 प्रतिशत पद वित्तीय वर्ष 2024-25 में एवं शेष 50 प्रतिशत पद वित्तीय वर्ष 2025-26 में भरे जायेंगे)। ऐसे संवर्ग जिनमें रिक्त पदों की संख्या 51 से 200 तक है, उनमें पद पूर्ति तीन चरणो में आधार पर की जायेगी। यदि 33 प्रतिशत से कम है, तो एक बार में रिक्त पदों की पूर्ति, यदि 33 प्रतिशत अथवा अधिक है पर 66 प्रतिशत से कम है तो वर्षवार पदपूर्ति होगी। प्रथम वर्ष 2024-25 में 8 प्रतिशत द्वितीय वर्ष 2025-26 में 46 प्रतिशत और तृतीय वर्ष 2026-27 में 46 प्रतिशत की पदपूर्ति होगी।

यदि रिक्त पदों की संख्या यदि 66 प्रतिशत अथवा अधिक है तो वर्षवार पदपूर्ति में, प्रथम वर्ष 2024-25 में 8 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष 2025-26 में 31 प्रतिशत, तृतीय वर्ष 2026-27 में 31 प्रतिशत, चतुर्थ वर्ष 2027-28 में 30 प्रतिशत भर्ती होगी। ऐसे संवर्ग जिनमें रिक्त पदों की संख्या 200 से अधिक है वहां पदपूर्ति के संबंध में निम्न सिद्धांत अपनाए जायेंगे। सीधी भर्ती के रिक्त पदों की संख्या यदि 25 प्रतिशत से कम है, तो एक बार में रिक्त पदों की पूर्ति होगी। यदि 25 प्रतिशत अथवा अधिक है, पर 50 प्रतिशत से सीधी भर्ती के रिक्त पद कम है तो वर्षवार पदपूर्ति होगी। इसमें प्रथम वर्ष 2024-25 में 8 प्रतिशत, दूसरे साल 2025-26 में 46 प्रतिशत और तीसरे साल 2026-27 में 46 प्रतिशत पदों की पूर्ति होगी। रिक्त पद यदि 50 प्रतिशत या उससे अधिक या 75 प्रतिशत से कम है, तो प्रथम वर्ष 2024-25 में 8 प्रतिशत, दूसरे साल 2025-26 में 31 प्रतिशत, तीसरे साल 2026-27 में 31 प्रतिशत और चौथे साल 2027-28 में 30 प्रतिशत पदों की पूर्ति होगी। इसी प्रकार यदि रिक्त पर 75 प्रतिशत या उससे ज्यादा है, तो प्रथम वर्ष 2024-25 में 8 प्रतिशत, सीधी भर्ती के कुल पद द्वितीय वर्ष 2025-26 में 23 प्रतिशत तृतीय वर्ष 2026-27 में 23 प्रतिशत, चतुर्थ वर्ष 2027-28 में 23 प्रतिशत, और वर्ष 2028-29 में 23 प्रतिशत पदों पर भर्ती होगी।

### डाइंग संवर्गों में भर्ती नहीं

राज्य शासन द्वारा डाईंग संवर्ग घोषित किये जा चुके संवर्गों में किसी भी प्रकार से कोई भर्ती नहीं की जायेगी। अनुबंधित वाहन के लिए वाहन चालको के पद पर सीधी भर्ती आवश्यक नहीं है। जिन विभागों के पास स्वयं के वाहन है, वे भी वाहन चालक के कार्य हेतु सेवायें आउटसोर्स के माध्यम से प्राप्त करने पर विचार करें। विशिष्ट विभाग जहाँ वाहन चालकों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती अतिआवश्यक है, वे वित्त विभाग को तथ्यों सहित प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुये स्वीकृति प्राप्त करें। राज्य शासन के विभिन्न कार्यालयों में चतुर्थ श्रेणी के पदों के विरूद्ध कार्य करने के लिये व्यक्तियों की पूर्ति आउटसोर्स पर करने के लिए चतुर्थ श्रेणी के कार्मिकों की सेवायें प्राप्त करने संबंधी नीति-निर्देश के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। विशिष्ट विभाग जहाँ चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती अतिआवश्यक है, वे वित्त विभाग को तथ्यों सहित प्रस्ताव प्रेषित करते हुये स्वीकृति प्राप्त करेंगे। इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये गये हैं कि रिक्त पदों की पूर्ति के समय कैडर मैनेजमेंट प्रभावित न हो।

# स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं : मंत्री पटेल

## मंत्री श्री पटेल ने बरमान में नर्मदा नदी तट पर स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** विश्व शौचालय दिवस पर नरसिंहपुर जिले की ग्राम पंचायत बरमानकलां में पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। साथ ही स्वच्छता मित्र/ स्वच्छता कर्मियों का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि माँ नर्मदा हमारे प्रदेश की जीवनरेखा है। हम सब उसे माँ का दर्जा देते हैं। हमारा भी फ़र्ज़ है कि हम उनके पुत्र/ पुत्री बनकर उनके साथ अच्छा बर्ताव करें। श्रद्धालु नर्मदा नदी में दूषित सामग्री या पूजन सामग्री को प्रवाहित न करें,ना ही नर्मदा नदी के तटों में कूड़ा करकट और अनुपयोगी सामग्री डालें। नर्मदा नदी के तटों को हमेशा साफ व स्वच्छ रखें। आज हमने यहाँ लगभग दो घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान किया है। माँ नर्मदा के तट से यह संकल्प लेकर जाये कि जिस प्रकार हम अपने घरों को साफ़- स्वच्छ और सुंदर रखते है। ठीक उसी तरह नदी तटों, तालाबों, अन्य जल स्त्रोतों को साफ- सुथरा व स्वच्छ बनाये रखेंगे। व्यक्तिगत शौचालयों एवं सामुदायिक शौचालयों में स्वच्छता के लिए जल व मल की निकासी होना बहुत ज़रूरी है। अपने भीतर के सामर्थ्य को पहचानें और बग़ैर फल की चिंता किए बिना समाज के प्रति अपनी नैतिक ज़िम्मेदारी को निभायें। हमारे आसपास स्वच्छता के लिए नये सिरे से सोचने की आवश्यकता है। स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य का आधार है। इसे अपनी आदत बनाकर अपने स्वभाव में निरंतरता प्रदान करनी होगी। केवल कचरे की साफ- सफाई ही नहीं उसका प्रबंधन करना भी नितांत आवश्यक है। सामुदायिक स्वच्छता परिसर, सार्वजनिक सुलभ कॉम्प्लेक्स का इस्तेमाल हो, यह न केवल स्वच्छता का जरिया है, बल्कि किसी व्यक्ति को रोजगार देने का काम भी करते हैं।

मंत्री श्री पटेल ने कहा की बरमान घाट स्वच्छता समिति यह सुनिश्चित करें कि यहाँ गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाया जाए। जुर्माने की कुछ राशि यहाँ सफाई कार्य में लगे स्वच्छता वॉलंटियर्स को दी जाये। 15 दिन के भीतर यह व्यवस्था बनाई जाए। ज़िले में प्रवाहित होने वाली नर्मदा नदी की स्वच्छता की ज़िम्मेदारी हमें लेनी होगी। मुझे पूरा यक़ीन है कि घाटों पर खारी विसर्जन करने आये लोग भी अगर थोड़ा वक़्त यहाँ श्रमदान में दें तो इसकी तस्वीर बदल जाएगी।



### स्थानांतरण प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम करें : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि शासकीय सेवकों की स्थानांतरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि स्थानांतरण प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप को न्यूनतम रखने के प्रावधान ई-एचआरएमएस पोर्टल में किये जायें। पोर्टल में शासकीय सेवकों की आवश्यकताओं और शासकीय प्रावधानों के अनुरूप सभी जरूरी सुधार सुनिश्चित किए जाएं। स्थानांतरण प्रक्रिया में मानवीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जाए। रिक्तियों की अद्यतन जानकारी पोर्टल पर समय पर उपलब्ध कराई जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की स्थानांतरण प्रक्रिया के लिए ई-एचआरएमएस पोर्टल के प्रावधानों की समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग के प्रावधानों के अनुसार स्थानांतरण प्रक्रिया में विभिन्न कारणों यथा पति-पत्नी शासकीय सेवक हैं और एक ही कार्यस्थल में पदस्थापना चाहते हैं, स्वयं की गंभीर बीमारी, परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य समस्याओं या अन्य औचित्यपूर्ण कारणों के लिए प्राथमिकता सुनिश्चित की जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि पोर्टल की सभी तकनीकी तैयारियां एक सप्ताह के भीतर पूर्ण की जाएं और इसे दुरुस्त रखा जाए। एमपीएसईडीसी के प्रतिनिधियों ने द्र- ।।क्रब्ल्स पोर्टल के प्रावधानों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी और एमपीएसईडीसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### परिवहन विभाग जारी कर रहा है ऑनलाइन प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश में वाहनों से उत्सर्जित होने वाली हानिकारक गैसों पर नियंत्रण के लिये परिवहन विभाग ने वाहन प्रदूषण जांच केन्द्रों की व्यवस्था की है। विभाग ने प्रदेश में संचालित 288 जांच केन्द्रों को एनआईसी के पीयूसीसी पोर्टल के साथ इंटीग्रेट किया है। इस व्यवस्था से पारदर्शी तरीके से वाहनों के उत्सर्जन मानकों की जांच की जाकर वाहन मालिकों को ऑनलाइन प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र जारी किये जा रहे हैं। परिवहन विभाग की इस व्यवस्था से ऑनलाइन पीयूसीसी जारी होने से डाटा, वाहन पोर्टल पर सीधे प्रदर्शित होने लगा है।

# बिल्डर के बंधक भू-खण्ड की नीलामी से होगा पटेल नगर कॉलोनी का विकास

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** रायसेन रोड पटेल नगर में बिल्डर के बंधक भू-खण्ड को नगर निगम नीलाम करेगा। नीलामी से प्राप्त राशि से पटेल नगर कॉलोनी में पेयजल, सीवेज, सड़क, बिजली और पार्क आदि की व्यवस्था की जायेगी। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर के पटेल नगर के रहवासियों की मांग पर दिये निर्देशों के अनुक्रम में आयुक्त नगर निगम श्री हरेन्द्र नारायण ने उक्त बात कही। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने मंगलवार को निवास कार्यालय पर पटेल नगर और रोहित नगर के रहवासियों की समास्याओं के निराकरण को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि पटेल नगर के रहवासियों को बिल्डर द्वारा मुलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। बार बार अवश्वासन देने के बाद भी बिल्डर कॉलोनी का अपेक्षित विकास नहीं कर रहा है। पटेल नगर की यह समस्या दशकों पुरानी है। उन्होंने कहा कि बिल्डर द्वारा विकास नहीं करने पर बिल्डर के बंधक भू-खण्ड को नगर निगम नीलामी से प्राप्त राशि विकास कार्य करने के प्रावधान है। इस प्रावधान के तहत आयुक्त नगर निगम ने कहा कि बिल्डर के बंधक भू-खण्ड की नीलामी से कॉलोनी के विकास के लिये अनुमानित आवश्यक राशि 20 से 25 करोड़ रूपये प्राप्त किये जायेंगे।

### पीएम सूर्य घर योजना में मिलेगी मुफ्त बिजली : ऊर्जा मंत्री तोमर

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि केंद्र सरकार द्वारा लोगों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना में एक किलोवाट का सोलर संयंत्र लगाने पर 30 हजार रूपये, दो किलोवाट का सोलर संयंत्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा तीन किलोवाट या उससे ऊपर 10 किलोवॉट तक के सोलर संयंत्र स्थापना पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है। इसके लिए देशभर के उपभोक्ताओं को इस योजना में शामिल करके पीएम सूर्य घर योजना से जोड़ने का लक्ष्य केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत पीएम सूर्य घर योजना के शुभारंभ दिवस 13 फरवरी 2024 से अब तक 6 हजार 377 से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ा गया है। आवेदन के लिए पीएम सूर्य घर योजना की वेबसाइट पर जाकर आवेदन किया जा सकता है।

**पश्चिम रेलवे, रतलाम डिवीजन**

E-निविदा सूचना, संकेत एवं दूरसंचार विभाग

निविदा संख्या SnT_RTM_W_24_14_SIGNAL, दिनांकः 16.11.2024

निम्न कार्य के लिए मण्डल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) पश्चिम रेल्वे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य का नामः मेघनगर स्टेशनों और रतलाम ई केबिन पर अधिक आयु वाले इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग उपकरणों के प्रतिस्थापन के साथ-साथ मेघनगर स्टेशन पर डायरेक्ट रिसेप्शन और डिस्पैच सुविधाओं के साथ लाइन नंबर 5 और 6 के विस्तार के संबंध में एस एंड टी सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग।, बोली/निविदा प्रकार और प्रणालीः सामान्य ओपन ई-टेंडर, दो पैकेट सिस्टम काम (IREPS पोर्टल), कार्य की अनुमानित लागतः रू 11,09,87,984.00/-, बयाना राशिः रू 7,04,900.00, निविदा फार्म का मूल्यः शून्य, बोली पूर्व सम्मेलनः शून्य, बोली शुरू होने की तारीखः अंतिम तिथि से 15 दिन पहले, निविदा बंद करने का समय एवं दिनांकः दिनांक 09/12/2024 समय 15.00 बजे तक, तकनीकी निविदा खुलने का समय एवं दिनांकः दिनांक 09/12/2024 समय 15.30 बजे के बाद, व्यवसायिक निविदा खुलने का समय एवं दिनांकः दिनांक तकनीकी बोली के मूल्यांकन के बाद सूचित किया जाएगा, वैधताः निविदा खुलने की दिनांक से 90 दिन, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 माह, JV अनुमतिः अनुमति, निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थानः डिप्टी सीएसटीई वर्क्स रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। निविदा सिर्फ अनलाइन E-निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है।

V/307 मंडल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) कार्य, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे

Like us on: facebook.com/WesternRly

## राज्यपाल ने नाबार्ड द्वारा भोपाल हॉट में आयोजित उत्सव का किया शुभारंभ

# ग्रामीण विकास उत्सव, उत्पादों और कारीगरों के प्रोत्साहन का प्रभावी मंच : राज्यपाल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि ग्रामीण विकास उत्सव, देश भर के कारीगरों और प्रसिद्ध उत्पादों के प्रोत्साहन का प्रभावी मंच है। ऐसे आयोजन ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।**

राज्यपाल श्री पटेल नाबार्ड द्वारा भोपाल हॉट बाजार में आयोजित ग्रामीण विकास उत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 19 से 27 नवम्बर तक आयोजित हो रहे ग्रामीण विकास उत्सव का फीता काटकर शुभारंभ किया। राज्यपाल श्री पटेल ने विगत 6 वर्षों से देशभर के कारीगरों के प्रोत्साहन के लिए उत्सव का आयोजन करने पर नाबार्ड को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नाबार्ड ऐसे आयोजनों का व्यापक और सघन स्तर पर प्रचार-प्रसार करें। राज्यपाल श्री पटेल ने स्थानीय मीडिया से भी अपील की कि देश के कारीगरों के उत्पादों के प्रचार-प्रसार में भरपूर सहयोग करें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि नाबार्ड, सूक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम, आजीविका एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रम और गैर कृषि उत्पादक संगठन बनवाने जैसे विकास के महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। कृषि, कुटीर, ग्रामीण एवं लघु उद्योगों हस्तशिल्प के विकास परक कार्यों के द्वारा



ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती और समृद्धि में प्रभावी योगदान दे रहा है। नाबार्ड द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं, हस्तशिल्पियों और कृषक उत्पादक संघों के सदस्यों के लिए कौशल विकास की कई योजनाएं भी चलाई जा रही है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि हमारे देश की आत्मा गांवों में बसती है। जब आत्मा मजबूत होगी तभी पूरा शरीर यानि हमारा देश मजबूत, सक्षम और आत्म-निर्भर होगा। उन्होंने नाबार्ड के ग्रामीण युवाओं के कौशल उन्नयन के द्वारा सम्मानजनक आजीविका पाने के प्रयास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती की दिशा में सार्थक कदम बताया। राज्यपाल श्री पटेल ने योजनाओं में प्रशिक्षित ग्रामीण किसानों, महिलाओं के समूहों और कृषक उत्पादक संघो के उत्पादों की बिक्री के लिए रूरल मार्ट, रूरल हाट और रूरल मार्ट ऑन व्हील्स जैसी पहल के लिए नाबार्ड की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि डिजिटलाइजेशन के दौर में ग्रामीण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्व-सहायता समूहों की भूमिका को विस्तारित किया जाना चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल ने ग्रामीण विकास उत्सव के शुभारम्भ अवसर पर देश के प्रसिद्ध उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने अलग-अलग राज्यों के कारीगरों से संवाद करते हुए उनके उत्पादों के संबंध में जानकारी ली। राज्यपाल श्री पटेल ने कारीगरों का उत्साह वर्धन कर शुभकामनाएं और बधाई भी दी। राज्यपाल श्री पटेल का नाबार्ड के महाप्रबंधक श्री कमर जावेद ने पुष्प-गुच्छ से स्वागत कर स्मृति-चिन्ह भेंट किया। स्वागत उद्बोधन नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक श्री सुनील कुमार ने दिया। कार्यक्रम को आर.बी.आई. की क्षेत्रीय निदेशक सुश्री रेखा चंदना बेदी, एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक सीएस शर्मा और एसएलबीसी के संयोजक श्री नरसीम सिंह जीरा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष आर.सी. बेहरा और मध्यान्चल ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष श्री प्रवीण अवस्थी उपस्थित थे।

# सम्पादकीय

## मणिपुर के सुलगते हालात

अफसोसनाक है कि इतनी लंबी अवधि में मणिपुर के सुलगते हालात को संभालने की कोई गंभीर कोशिश नहीं हुई है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और उनकी सरकार की तमाम नाकामियों के बावजूद उन्हें केंद्र का संरक्षण मिला रहा है।मणिपुर में हफ्ते भर के अंदर जैसी हिंसा हुई है, उनसे यह सहज सवाल उठता है कि क्या इस राज्य पर किसी का नियंत्रण नहीं है? वारदात ने जैसा मोड़ लिया है, उससे भविष्य के लिए गहरी आशंकाएं पैदा होती हैं।सोमवार को कुछ उग्रवादियों ने जिरीबाम जिले के जाकुरोदोर कारोंग में पुलिस थाने पर अंधाधुंध फायरिंग की। सुरक्षा बलों की वर्दी में आए इन उग्रवादियों ने एक सीआरपीएफ कैंप पर भी निशाना साधा। साथ ही उग्रवादियों ने पास के मार्केट में गोलीबारी की, कई दुकानों को जला डाला और कुछ मकानों को भी निशाना बनाया। उसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की।उनके मुताबिक उनकी कार्रवाई में दस उग्रवादी मारे गए।

जबकि कुकी–जो काउंसिल का दावा है कि मारे गए लोग ग्रामीण स्वयंसेवक थे।हमार स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने दावा किया है कि 11 हमार ग्रामीण स्वयंसेवकों को मार डाला गया है। कुकी–जो काउंसिल ने उस इलाके में मंगलवार को दिन भर के बंद का आह्वान किया है। साफ है, स्थिति सुलगी हुई है।पिछले हफ्ते जैरोन गांव में कुकी उग्रवादियों के हमले में एक महिला की जान गई थी और कई घर जला डाले गए थे। गौरतलब है कि इम्फाल घाटी में जारी हिंसा से लगभग साल भर तक जिरीबाम जिला अछूता रहा था।लेकिन गुजरे जून में एक किसान का शव मिलने के बाद से यह भी चपेट में आ चुका है। सबसे अफसोसनाक है कि इतनी लंबी अवधि में मणिपुर के सुलगते हालात को संभालने की कोई गंभीर कोशिश नहीं हुई है।मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और उनकी सरकार की तमाम संदिग्ध भूमिकाओं के बावजूद उन्हें केंद्र का संरक्षण मिला रहा है।पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की दोनों सीटों पर सत्ताधारी दल को पराजित कर जनता ने जो संदेश दिया, उससे भी सुनने या समझने का प्रयास केंद्रीय नेतृत्व ने नहीं किया।इससे धारणा बनी है कि मणिपुर के ताजा हालत सिर्फ प्रशासनिक नाकामी और अकुशलता का परिणाम नहीं हैं। शक गहराया है कि इसके पीछे अवांछित राजनीति की भूमिका भी हो सकती है। इसके हानिकारक परिणाम हमारे सामने हैं। उधर स्थितियां और भी खतरनाक मोड़ लेती दिख रही हैं।

## कालचक्र

जीवन मरण सतत प्रवाह
काल के तटों से टकराता, उन्हें ढहाता
बढ़ता जाता, बढ़ता जाता.......
विराट व्यक्तित्व, शाश्वत मूल्य, चेतना,
अभिव्यक्ति के नव निर्माण कराता
बढ़ता जाता बढ़ता जाता.......
घाट घाट अलग छटा सतत् निखार
नवीन सृष्टि प्रकृति का परिवेश द्वार
रूप, रस गंध, वर्ण में समाता
बढ़ता जाता बढ़ता जाता.......
पृथक भाव भूमि, दृष्टि,अनगिनत चमत्कार
मन की उदार उर्वरा भूमि में सृजन बीज फूट
अंकुरपल्लवित, पुष्पित, फलित विराट वृक्ष
पुलकित विचित्र भावना के गाथा गीत गाता
बढ़ता जाता बढ़ता जाता.......
ऊं ऊं मंत्रभारित सृजन जगत काल
अखंड सूर्य अर्द्यदान बंधुत्व भाव से
देहओढ़ कर स्वप्न स्मृतियों का स्वामी
जन्म जन्मोत्तर के रूप में मोक्ष पाकर
मुक्तिदूत यम से सार्थक समीक्षा पाता
बढ़ता जाता बढ़ता जाता........


विनय उजाला
डॉ. अल्पना आर्य

## बिदाई

बजी शहनाई मंगल घड़ी आई,
अरमानों से डोली सजाई।
होगी आज हमारे आंगन से,
लाड़ली बेटी की बिदाई।।
बिदाई में बाबा मेरे आँसु ना बहाना,
माँ से कहना पल–पल मेरा नाम ना बुलाना।
भैया से कहना कोने में बैठकर सिसकिया ना ले,
छोटी बहना अब मेरा हर फर्ज तू निभाना।।
सखियों से कहना मेरा पता ना पूछो,
किताबों से कहना यही ज्ञान सबको समझाना।
चूल्हे से कहना अब मुझे दूसरा चूल्हा हे जलाना।
मंदिर से कहना मुझे पिया के घर को मंदिर हे बनाना।


विनय उजाला

– मधुबाला राठौर, चैनाजी, धार

## NFO : पीजीआईएम इंडिया म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया हेल्थकेयर फंड, क्या है इस एनएफओ की खासियत

विनय उजाला

**मुंबई।** पीजीआईएम इंडिया म्यूचुअल फंड ने आज अपना न्यू फंड ऑफर (New Fund Offer) पीजीआईएम इंडिया हेल्थकेयर फंड (PGIM India Healthcare Fund) लॉन्च किया है। यह हेल्थकेयर और फार्मास्युटिकल कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी से संबंधित सिक्योरिटीज में निवेश करने वाली एक ओपन एंडेड इक्विटी स्कीम है। इस फंड के लिए बेंचमार्क बीएसई हेल्थकेयर टीआरआई है। न्यू फंड ऑफर (NFO) 19 नवंबर, 2024 को पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है और इसमें 3 दिसंबर, 2024 तक निवेश किया जा सकता है। यह स्कीम 11 दिसंबर, 2024 को निरंतर बिक्री और पुनर्खरीद के लिए फिर से खुलेगी।

पीजीआईएम इंडिया एसेट मैनेजमेंट के सीईओ अजीत मेनन का कहना है कि पीजीआईएम इंडिया हेल्थकेयर फंड निवेशकों को भारत के तेजी से बढ़ रहे हेल्थकेयर सेक्टर में निवेश कर मुनाफा कमाने का एक आकर्षक अवसर प्रदान करता है। कम लागत, इनोवेशन, हेल्थ इंश्योरेंस के लिए बढ़ती जागरूकता, बढ़ते एफडीआई इन्फ्लो और लगातार बढ़ रहे मेडिकल टूरिज्म और अन्य कई फैक्टर के चलते निवेशकों को इस फंड में निवेश करने का लाभ मिलेगा। उनका मानना है कि कोई भी व्यक्ति अपने स्वास्थ्य में सबसे अच्छा निवेश कर सकता है। अगला सबसे अच्छा निवेश हेल्थ/हेल्थ इंश्योरेंस के साथ खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रखना और एक ऐसे सेक्टर के रूप में हेल्थकेयर में निवेश करना है जो एक स्ट्रक्चरल थीम (संरचनात्मक विषय) है। पीजीआईएम इंडिया एसेट मैनेजमेंट के सीआईओ, विनय पहाड़िया का कहना है कि हम उम्मीद करते हैं कि हेल्थकेयर सेक्टर को भारत की ग्रोथ स्टोरी का आगे बहुत ज्यादा लाभ मिलेगा। इस सेक्टर में स्थिर और बढ़ती घरेलू मांग, मजबूत प्राइसिंग पावर (मूल्य निर्धारण शक्ति), भारत के प्रतिस्पर्धी लाभ के चलते बेहतर निर्यात क्षमता और ग्लोबल फार्मा द्वारा अपनाई जा रही चाइना +1 रणनीति जैसी कई फेवरेबल परिस्थितियां देखने को मिल सकती हैं। यह स्कीम फार्मास्युटिकल और हेल्थकेयर कंपनियों के शेयरों में कम से कम 80 फीसदी, अन्य इक्विटी, डेट और मनी मार्केट में 20 फीसदी तक, आरईआईटी और इनविट्स में 10 फीसदी तक और ओवरसीज ईटीएफ सहित फॉरेन सिक्योरिटीज में 20 फीसदी तक निवेश करेगी।

ध्यान रहे कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सम्मेलन में हिस्सा नहीं लिया था और उनकी जगह विदेश मंत्री सर्गेई लेवरोव रिओ आये थे। संयुक्त वक्तव्य को तैयार करने में डिप्लोमेट्स को बहुत लम्बी बातचीत करनी पड़ी, विशेषकर क्लाइमेट नीति पर बहस शाम से सुबह तक चली।

# जी 20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी का ग्लोबल संस्थाओं के सुधार पर जोर

शाहिद ए चौधरी


विनय उजाला



ब्राज़ील की पहल भूख और गरीबी के विरुद्ध ग्लोबल गठबंधन का समर्थन करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिओ में आयोजित दो दिवसीय जी–20 शिखर सम्मेलन में विकासशील संसार के लिए भारत की चिंताओं को व्यक्त किया और कहा कि टकराव व युद्धों के कारण जो संकट उत्पन्न हो रहा है, उससे ग्लोबल साउथ के देशों पर फ़ूड, फ्यूल व फ़र्टिलाइज़र के संदर्भ में गहरा कुप्रभाव पड़ रहा है। विश्व की बीस प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं (जी–20) की दो दिवसीय (18 व 19 नवम्बर) बैठक रिओ के मॉडर्न आर्ट म्यूजियम में हुई, जिस पर मध्य पूर्व एशिया और यूक्रेन–रूस युद्धों की चिंताजनक स्थितियों के साथ ही इस बात के काले बादल छाये रहे कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को अपने हथियारों से रूस में गहराई तक वार करने की अनुमति दे दी है, जिसे रूस नाटो से टकराव की संज्ञा दे रहा है और यह भी कि जनवरी में वाशिंगटन में डोनल्ड ट्रम्प की वापसी से क्लाइमेट चेंज किस तरह से प्रभावित होगा।

इस पृष्ठभूमि में जी–20 के नेताओं ने एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया, जिसमें गज़ा व यूक्रेन के लोगों को हिंसक टकराव के कारण हो रही तकलीफों को हाईलाइट किया गया और साथ ही क्लाइमेट चेंज, गरीबी उन्मूलन और कर नीति के सिलसिले में आपसी सहयोग पर बल दिया गया। बैठक के एजेंडा से स्पष्ट था कि अमेरिका में ट्रम्प की सत्ता में वापसी से जो ग्लोबल व्यवस्था में परिवर्तन संभावित है, उसको मद्देनज़र रखते हुए मल्टीलेटरल सहमति बनाने का प्रयास किया गया है। व्यापार, क्लाइमेट व अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पर इन नेताओं ने जो चर्चाएं कीं उससे ज़ाहिर है कि अमेरिकी नीति में जो संभावित बदलाव आ सकता है, उससे बचने के लिए कमर कसी गई है। ट्रम्प ने घोषणा की है कि है कि वाइट हाउस में पहुंचते ही वह टैरिफ से लेकर यूक्रेन युद्ध पर अमेरिका के दृष्टिकोण को बदलेंगे, लेकिन उन्होंने गज़ा पर ख़ामोशी इख्तियार की हुई है। इसके बावजूद रिओ सम्मेलन में नेता इस बात पर सहमति बनाने में सफल रहे कि युद्धों के कारण 'मानव पीड़ा' बढ़ती जा रही है और इसके आर्थिक कुप्रभाव भी पड़ने लगे हैं। नेताओं के संयुक्त वक्तव्य में गज़ा की 'अमानवीय स्थिति' पर भी 'गहरी चिंता' व्यक्त की गई और इस बात का आहवान किया गया कि वहां नागरिकों को तुरंत मदद व सुरक्षा उपलब्ध करायी जाये और गज़ा व लेबनान में पूर्ण युद्धविराम कराया जाये।

रूस ने गुजरी 17 जनवरी को यूक्रेन पर जबरदस्त हमला किया था। इसको ध्यान में रखते हुए यूरोपीय डिप्लोमेट्स ने संयुक्त वक्तव्य में ग्लोबल टकराव से संबंधित पहले से सहमत भाषा को बदलने पर बल दिया, लेकिन बाद में वह पीछे हट गये। ध्यान रहे कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सम्मेलन में हिस्सा नहीं लिया था और उनकी जगह विदेश मंत्री सर्गेई लेवरोव रिओ आये थे। संयुक्त वक्तव्य को तैयार करने में डिप्लोमेट्स को बहुत लम्बी बातचीत करनी पड़ी, विशेषकर क्लाइमेट नीति पर बहस शाम से सुबह तक चली। संयुक्त वक्तव्य में नेता इस बात पर सहमत हो गये कि अज़रबैजान में जो इस समय संयुक्त राष्ट्र की कोप–29 की क्लाइमेट चेंज बैठक चल रही है, उसके अंत तक नया वित्तीय लक्ष्य तय हो जाना चाहिए कि रईस देशों को कितना पैसा गरीब विकासशील देशों को देना है।

बहरहाल, रिओ सम्मेलन में 'सामाजिक समावेश और भूख व गरीबी के विरुद्ध संघर्ष' विषय पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल संस्थाओं में सुधार लाने की आवश्यकता पर भी ध्यानाकर्षित किया और कहा कि जी–20 इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु कार्य करेगा। उन्होंने कहा, और जिस तरह से हमने नई दिल्ली सम्मेलन के दौरान हमने अफ्रीकन यूनियन को जी–20 की सदस्यता देकर ग्लोबल साउथ की आवाज़ को मज़बूत किया, उसी तरह से हम ग्लोबल प्रशासन की संस्थाओं में सुधार लायेंगे। अधिकतर ग्लोबल संस्थाएं, दरअसल, बिना दांत की शेर बनकर रह गई हैं, जिनसे न कोई डरता है और न कोई उनकी बात सुनता है। इसी वजह से दुनियाभर में संकट बढ़ते जा रहे हैं। मसलन, इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव पर फिलिस्तीन में जाने पर रोक लगा दी और वहां मानवीय मदद भी नहीं पहुंचने दे रहा है और पूरा संसार असहाय देख रहा है। इसलिए मोदी की यह बात एकदम सही है कि ग्लोबल संस्थाओं में सुधार लाने की ज़रूरत है। जी–20 के संयुक्त वक्तव्य से लगता है कि उसने ट्रेड, क्लाइमेट चेंज व अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पर जो उचित कदम उठाया है, उससे ट्रम्प की संभावित नीतियों का टकराव होगा। यह देखना दिलचस्प रहेगा कि जी–20 की बात चलेगी या ट्रम्प की वीटो दादागिरी। इस टकराव के नतीजे से ही मालूम हो सकेगा कि ग्लोबल संस्थाओं में कितना सुधार संभव हो सकेगा।

मोदी ने अपने भाषण में इस बात पर भी बल दिया कि जी–20 की वार्ताएं तभी सफल हो सकेंगी जब ग्लोबल साउथ की चुनौतियों व प्राथमिकताओं को ध्यान में रखा जायेगा। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आज जब संसार फिर से दो खेमों में विभाजित हो गया है, जिसमें एक तरफ अमेरिका व यूरोप के नाटो देश हैं और दूसरी तरफ रूस, चीन व ईरान का त्रिकोण है तो भारत की कोशिश ग्लोबल साउथ को तीसरे तटस्थ खेमे के रूप में खड़ा करने की है। यह एक तरह से गुट–निरपेक्ष आंदोलन 2.0 हो सकता है। इसकी ज़रूरत से इंकार भी नहीं किया जा सकता। दरअसल, भूख और गरीबी, जिनसे लड़ने पर सम्मेलन में अधिक फोकस किया गया, की समस्या ग्लोबल साउथ के देशों में ही अधिक है, जिसके समाधान के लिए यह भी ज़रूरी है कि ग्लोबल संस्थाओं के प्रशासनिक तरीकों में सुधार लाया जाये। मोदी ने कहा कि नई दिल्ली जी–20 सम्मेलन में जो जन–केंद्रित निर्णय लिए गये थे, उन्हें ब्राज़ील की अध्यक्षता के दौरान आगे लेकर चला गया है और यह अत्यंत संतोषजनक है कि जी–20 ने एसडीजी लक्ष्यों को प्राथमिकता दी है। मोदी ने कहा, हमने समावेशी विकास पर फोकस किया, महिलाओं के नेतृत्व में विकास और युवा शक्ति को प्रोत्साहित किया। साथ ही ग्लोबल साउथ की आशाओं व महत्वकांक्षाओं को पंख दिये। यह स्पष्ट है कि पिछले साल की तरह इस साल भी एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य प्रासंगिक है।

इस साल की जी–20 बैठकों का मेज़बान होने के नाते ब्राज़ील ने इस समूह का अत्यधिक गरीबी व भूख पर फोकस का विस्तार किया और साथ ही यह बहस आरंभ की कि विश्व के अति रईस देशों से उचित फंड्स लेने के लिए आपस में सहयोग को प्रोत्साहित किया जाये। यह बात भी नेताओं के संयुक्त वक्तव्य में दर्ज है। ब्राजील के राष्ट्रपति एलआई लुला डा सिल्वा के अनुसार गरीबी व भूख प्राकृतिक संसाधनों या प्राकृतिक कारणों का नतीजा नहीं हैं बल्कि राजनीतिक फैसलों का परिणाम हैं। लुला ने स्वयं गरीबी में जन्म लिया था और धातु श्रमिकों की यूनियन गठित करके उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया। उनके अनुसार संसार में हर साल छह बिलियन टन फ़ूड का उत्पादन होता है, इसके बावजूद भी लोग भूखे हैं। यह स्थिति अस्वीकार्य है। ज़ाहिर है इसमें सुधार ग्लोबल संस्थाओं में सुधार लाने से ही संभव है, जिसकी वकालत मोदी कर रहे हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## रोशनी के साथ रंग बदलने वाले फ्रेम होंगे आपकी उम्मीद से परे

### पेश करते हैं ट्रांज़िशन्स® द्वारा पावर्ड रे-बैन® चेंज

विनय उजाला

**नई दिल्ली।** 1937 से रे–बैन® इनोवेशन्स के साथ ऐसे आईवियर लाते रहे हैं जो बेहतरीन डिज़ाइन और आधुनिक टेक्नोलॉजी का अनूठा संयोजन हों। इनोवेशन के इसी क्रम को जारी रखते हुए आज ब्राण्ड ने ट्रांज़िशन्स® द्वारा पावर्ड लाईट–रिस्पॉन्सिव फ्रेम रे–बैन® चेंज का लॉन्च किया है। रे–बेन चेंज रोशनी के अनुसार आपके स्टाइल में शानदार बदलाव लाता है। यह फ्रेम यूवी लाईट के संपर्क में आने पर अपने रंग को बदल लेता है और इस तरह इंडोर और आउटडोर में आपका लुक भी पूरी तरह से बदल जाता है।


आपके साथ बदलने के लिए तैयार किया गया रे–बैन® चेंज ओरिजिनल वेफेरर और वेफेरर® ओवल की तरह अपने अनूठे पिगमेन्ट्स के साथ बेजोड़ ऑप्टिकल स्टाइल देता है। "रे–बैन निरंतर सीमाओं को पार करते हुए नए ट्रैंड्ज़ लाता रहा है और अपने डिज़ाइन में इनोवेशन को प्राथमिकता देता रहा है। ट्रांज़िशन्स की पावर और इसकी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर ब्राण्ड लाईट–रिस्पॉन्सिव फ्रेम– रे–बैन चेंज के माध्यम से आईवियर का नया अनुभव लेकर आया है।'' फेडेरिको बुफ़ा, चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर, एस्सिलोर लक्ज़ोटिका ने कहा।

''हम लैंसेज़ में लीडर, ट्रांज़िशन्स और फ्रेम्स में लीडर रे–बैन को एक डायनामिक प्रोडक्ट के रूप में लेकर आए हैं, जो उपभोक्ताओं को अपने फंक्शनल आईवियर को फैशनेबल बनाने का मौका देता है।''

ट्रांज़िशन पिगमेन्ट्स हर आईवियर को अनूठा कैरेक्टर देते हैं। रोशनी बढ़ने के साथ पिगमेन्ट भी गहरा होता चलता जाता है। धूप में आते ही फ्रेम कुछ ही सैकण्ड्स में एक्टिवेट हो जाता है और इंडोर आते ही मिनटों में इसका रंग फेड हो जाता है। ये लैंसेज़ आठ एक्सक्लुज़िव कलर्स में उपलब्ध हैं।

## पश्चिम रेलवे ने 14 कर्मचारियों को महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से किया सम्मानित

विनय उजाला


पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र, अपर महाप्रबंधक एवं विभिन्न विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार विजेताओं के साथ दिखाई दे रहे हैं।

मुंबई। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र ने पश्चिम रेलवे के 14 कर्मचारियों को सुरक्षित ट्रेन परिचालन में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए प्रधान कार्यालय, चर्चगेट में सम्मानित किया। इन कर्मचारियों को सितम्बर एवं अक्टूबर, 2024 के दौरान ड्यूटी में उनकी सतर्कता तथा अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और इसके परिणामस्वरूप सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने के लिए सम्मानित किया गया। इन 14 कर्मचारियों में मुंबई सेंट्रल मंडल से 04, अहमदाबाद, भावनगर एवं वडोदरा मंडल प्रत्येक से 03 जबकि राजकोट मंडल से 01 कर्मचारी शामिल है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री मिश्र ने सम्मानित किए गए कर्मचारियों की सतर्कता की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे सभी कर्मचारियों के लिए अनुकरणीय आदर्श हैं। सम्मानित किए गए कर्मचारियों ने संरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों जैसे रेल एवं ट्रैक फ्रैक्चर का पता लगाना, अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए आपातकालीन ब्रेक लगाना, मानव जीवन को बचाना, कोचों में पाए जाने वाले धुएं को बुझाना, ब्रेक बाइंडिंग, लटकती वस्तुओं का पता लगाना आदि जैसे संरक्षा से संबंधित कार्यों को करते हुए ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने में उत्साह और प्रतिबद्धता दिखाई।

पश्चिम रेलवे को इन सभी पुरस्कृत कर्मचारियों पर गर्व है जिन्होंने अपनी त्वरित कार्रवाई और सतर्कता से किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को रोकने में मदद की।

## बीते तीन माह में ही भारतीय रेल ने हासिल की यह महत्वपूर्ण उपलब्धि

### सामान्य श्रेणी के यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता

विनय उजाला

**नई दिल्ली।** रेल यात्रा के प्रति आमजनों की लगातार बढ़ती रुचि और आकर्षण के मद्देनजर रेलवे भी तदनुरूप सुविधाओं के विस्तार को गति दे रहा है। इस क्रम में रेलवे ने बीते तीन माह में ही विभिन्न ट्रेनों में सामान्य श्रेणी (जीएस) के करीब छह सौ नये अतिरिक्त कोच जोड़े हैं। ये सभी कोच नियमित ट्रेनों में जोड़े गए हैं। इतना ही नहीं, चालू नवंबर माह के अंत तक जीएस श्रेणी के ऐसे एक हजार से ज्यादा कोच करीब 370 नियमित ट्रेनों में जोड़ दिए जाएंगे। एक अनुमान के मुताबिक रेलवे के बेड़े में इन नये जीएस कोचों के जुड़ने से रोजाना करीब एक लाख यात्री लाभान्वित होंगे।

इनके अलावा आगामी दो वर्षों में बड़ी संख्या में नोन एसी श्रेणी के कोचों को रेलवे के बेड़े में शामिल करने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है।

रेलवे बोर्ड ने सामान्य श्रेणी के रेल यात्रियों की नई सुविधाओं के बारे में यहां विस्तार से जानकारी दी है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना व प्रचार) दिलीप कुमार ने बताया कि सामान्य श्रेणी के यात्री रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इस श्रेणी के यात्रियों को अधिकतम सुविधा मुहैया कराने की दिशा में रेलवे विभिन्न दिशाओं में कार्य कर रहा है। इसके तहत बीते जुलाई से अक्टूबर के तीन माह के दौरान जीएस श्रेणी के कुल 1000 नये त्तस्‌ कोचों का ट्रेनों में जोड़ा जाएगा। साथ ही इन नवनिर्मित कोचों को 370 नियमित ट्रेनों में जोड़ा गया है। इससे रोजाना हजारों अतिरिक्त यात्रियों को लाभ मिल रहा है। इन डिब्बों के शामिल होने से रोजाना करीब एक लाख अतिरिक्त सवारी रेल यात्रा के सफर का लाभ उठा पाएंगे।

कार्यकारी निदेशक ने बताया कि सामान्य श्रेणी के यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर नये जीएस कोचों का निर्माण तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में रेलवे के बेड़े में ऐसे गैर–वातानुकूलित सामान्य श्रेणी के 10 हजार से ज्यादा जीएस कोचों को शामिल कर लिया जाएगा। इनमें छह हजार से ज्यादा जीएस कोच होंगे, जबकि बाकी डिब्बे स्लीपर श्रेणी के होंगे।

इतनी बड़ी संख्या में ठुश्ठ्‌ ष्ट कोचों के शामिल होने से सामान्य श्रेणी के करीब आठ लाख अतिरिक्त यात्री रोजाना रेल यात्रा का सफर कर पाएंगे। जीएस श्रेणी के ये नवनिर्मित तमाम कोच रु।क्क के होंगे। ये सफर को आरामदायक और सुविधाजनक बनाने के साथ–साथ सुरक्षित और द्रुत बनाने में भी मदद करेगी। पारंपरिक आईसीएफ़ रेल डिब्बों के मुकाबले ये नये एलएचबी कोच अपेक्षाकृत हल्के और मजबूत हैं।

हादसे की स्थिति में इन कोचों में नुकसान भी कम से कम होगा।

## आज का इतिहास... 20 नवम्बर

### विश्व बाल दिवस मनाया जाता है

विश्व बाल दिवस की स्थापना सर्वप्रथम 1954 में सार्वभौमिक बाल दिवस के रूप में की गई थी। और यह प्रत्येक वर्ष 20 नवम्बर को अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देने, विश्व भर में बच्चों के बीच जागरूकता लाने तथा बच्चों के कल्याण में सुधार लाने के लिये मनाया जाता है।


शिवानी गुप्ता

# विधिविधान से मनाया ब्रह्म स्वरूप भगत जी महाराज का प्राकट्य महोत्सव

विनय उजाला



**महुआ/गुजरात।** सौराष्ट्र महुआ के दर्जी कुल में प्रगट हुए महान संत ब्रह्म स्वरूप भगत जी महाराज की प्राकट्य भूमि पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगत जी महाराज की तिथि कार्तिक सुद तेरस को महुआ में परंपरानुसार 14 नवम्बर 2024 और गुरुवार भगत जी महाराज की स्मृति महोत्सव धाम धूम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः स्वामीनारायण मंदिर से पैदल यात्रा जन्मस्थली तक निकाली गई। उसके पश्चात विधिविधान से हवन यज्ञ व पूजन किया गया। उक्त कार्यक्रम तनसुख भाई गोहिल राजकोट, कल्पेश परमार राजुला, सुरेश भाई चौहान पालनपुर के नेतृत्व में किया गया। मुख्य रूप से पद्मश्री प्राप्त कन्नु भाई दर्जी सूरत भी शामिल हुए। साथ ही प्रदेश स्तर पर शहादा महाराष्ट्र से शैली बीई भी शामिल रही व श्रीमती विनोदकुमारी, श्रीमती मायाजी सिंह, श्रीमती सुमनरानी सिंह, श्रीमती सविता वर्मा, श्रीमती सुनीता वर्मा, (उत्तराखंड), नरेन्द्र चौहाण जोधपुर, रामलाल परीहार जोधपुर (राजस्थान)।

**मध्यप्रदेश :** सुरेशभाई परमार, इंदौर, मुकेश नामदेव, इंदौर, बालमुकुंद चौहान, इंदौर, सुभाषचंद्र वर्मा (नामदेव), इंदौर, नरेन्द्र पड़िहार भेरुन्दा, शेखर भदोरीया भोपाल, अरुण नामदेव, गुना, भगवानसिंह नामदेव, गुना, मुन्नीलाल नामदेव जबलपुर, लक्ष्मण नामदेव, जबलपुर।

**हरियाणा :** खेमचंद सी. राठोड पलवल, भुपसिंह – पलवल, सुरेश चौहाण – पलवल, रमेश भाई चौहान पलवल, नानकचंद रहेराना, तेजराम फौजी हसनपुर, चतरसिंह – सिहोल, **उत्तरप्रदेश :** जगदीश नामदेव पत्रकार ललीतपुर, राममिलन नामदेव ललीतपुर, लक्ष्मीचंद छाता।

**महाराष्ट्र :** खीमजीभाई पाटडीया मुंबई, नाना पाथरकर पूना, रामकृष्ण बांगडे – पूना, प्रविणभाई सित्रे पूना, किशोर हेंदे पूना, विक्रांत डेंगर, पूना, किशोर चित्ते शहादा, रविन्द्र चित्ते शहादा, अरूणजी नासिक।

**उत्तराखंड :** राकेश आर्य – देहरादून, राजकुमार टांक – देहरादून, राकेशकुमार – देहरादून, मुकेश वर्मा – हरीद्वार।

**दिल्ली :** संजय रोहिल्ला दिल्ली, सुनिल कुमार रोहिल्ला– दिल्ली, विरेंद्र सिंह रोहिल्ला, योगेन्द्र रोहिल्ल, जगवीरसिंह रोहिल्ला, आदि के अलावा गुजरात से विभिन्न नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से भी समाजजन उपस्थित रहे। समारोह की जानकारी सुरेश भाई चौहान द्वारा दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्वाइकल कैंसर जागरूकता ही है बचाव : डॉ. सराफ





**खरगोन, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस खरगोन में प्राचार्य डॉ. शैल जोशी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण एवं समस्या निवारण समिति द्वारा इनर व्हील क्लब खरगोन के सौजन्य से सर्वाइकल कैंसर एवं स्वास्थ्य सुरक्षा विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. मीनाक्षी सराफ ने अपने उद्बोधन में बताया कि सर्वाइकल कैंसर एक प्रकार का कैंसर है जो गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) में होता है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा है। लेकिन, अच्छी खबर यह है कि इस बीमारी से बचा जा सकता है और इसका जल्दी पता लगाकर इलाज भी किया जा सकता है। पैप स्मीयर टेस्ट सबसे आम तरीका है जिसके द्वारा सर्वाइकल कैंसर का पता लगाया जाता है। इस टेस्ट में गर्भाशय ग्रीवा से कोशिकाओं का नमूना लेकर उसकी जांच की जाती है। उपचार कैंसर के स्टेज पर निर्भर करता है और इसमें सर्जरी, विकिरण चिकित्सा और कीमोथेरेपी शामिल हो सकते हैं। महिला सशक्तिकरण एवं समस्या निवारण समिति की प्रभारी डॉ. ललिता बर्गे ने भी छात्राओं को जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित किया। व्याख्यान में डॉ. मोनिका पालीवाल, महाविद्यालयीन प्राध्यापक, इनर व्हील क्लब के सदस्य उमा सोमानी, डॉ. कीर्ति जैन, ज्योति जैन, वैशाली शर्मा, सुषमा भंडारी, सुषमा गौर, छात्राओं में राधिका पटेल, शीतल तंवर, सलोनी सोलंकी, शाहिदा सैयद तथा अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 5 हजार 960 क्विंटल सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर हुई खरीदी

**खरगोन, निप्र।** खरगोन जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी के लिए 09 केन्द्र बनाएं गए हैं। इन केन्द्रों पर 25 अक्टूबर से सोयाबीन की खरीदी प्रारंभ की गई है, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। जिले में अब तक 352 किसानों से 05 हजार 960 क्विंटल सोयाबीन की खरीदी की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की बिक्री के लिए जिले के 772 किसानों ने अपने स्लॉट बुक करवाएं हैं। किसानों से खरीदे गए सोयाबीन का उठाव कर उसे गोदामों में पहुंचाया जा रहा है। किसानों से एफएक्यू मापदण्ड के अनुसार ही सोयाबीन की खरीदी की जा रही है।

### विश्व शौचालय दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**बड़वानी, निप्र।** विश्व शौचालय दिवस का आयोजन 19 नवंबर विश्व शौचालय दिवस के उपलक्ष में बड़वानी जिले के बड़वानी ब्लॉक ग्राम पंचायत पांचपुला उत्तर मे ूजमतण्वतह संस्था के कल्पेश पांडे द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन ,स्वच्छ भारत अभियान लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग और स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास के संयुक्त विश्व शौचालय दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सीआरपी दीदी चेतन शर्मा शुगर पटेल ,प्रिया पटेल ,रेशम चौहान,स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग जिला सलाहकार वसुधा टैगोर, ब्लॉक समन्वय अनिल चौधरी, स्वास्थ्य विभाग से इंगली चौहान , पूजा बड़ोदिया, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं वह ग्रामीण उपस्थित हुए। शौचालय या कहें कि टॉयलेट मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है। ये मुद्दा हर एक व्यक्ति, समाज और सेहत से जुड़ा हुआ है। इसलिए आज के दिन को हर साल विश्व शौचालय दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बेहतर स्वच्छता और शौचालय की स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देना है जिससे बीमारियों की रोकथाम हो सके। इसके तहत सिर्फ खुले में शौचालय के रोकथाम जैसे मुद्दे ही नहीं आते बल्कि इसमें कई सारे अन्य उद्देश्य भी शामिल हैं। दुनियाभर के लिए ये बेहद खास दिन है। आज दुनियाभर में वर्ल्ड टॉयलेट डे मनाया जा रहा है जो शौचालय की उपयोगिता को निर्धारित करता है। शौचालय से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व शौचालय दिवस मनाया जाता है।

### कलेक्टर ने की जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा

**खरगोन, निप्र।** विश्व शौचालय दिवस पर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा द्वारा रखी गई जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूर्वा मण्डलोई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमएस सिसोदिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बीएस अचाले, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती भारती आवास्या, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री प्रशांत आर्या, जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कानुड़े एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम आमजन की सुरक्षित एवं स्वच्छ शौचालयों तक पहुंच व उपयोग एवं स्वच्छता पर जागरूकता बढ़ाने के लिए 19 नवंबर को विश्व शौचालय दिवस से प्रारंभ कर 10 दिसंबर 2024 तक चलने वाले हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान पर चर्चा की गई। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने इस अभियान के अंतर्गत जमीनी स्तर पर शौचालयों की वास्तविक कमी का सर्वेक्षण कर शौचालय विहीन परिवारों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में बने शौचालयों का आमजन उपयोग करें और उनमें स्वच्छता बनाई रखी जाए।

# कलेक्टर की जनसुनवाई में आए 34 आवेदन

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र। मंगलवार को हुई जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. राहुल फटिंग एवं संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने 34 आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सुना तथा आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।**

#### कृषि भूमि पर पहुंचने हेतु रास्ता बनवाया जाये

जनसुनवाई में बड़वानी निवासी श्रीमती सुनिता पिता रमेशचन्द्र वर्मा ने आवेदन देकर बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम एकलरा में स्थित है। जहॉ पर सरदार सरोवर परियोजना के अंतर्गत बेक वाटर की वजह से कृषि भूमि के आसपास जलाशय निर्मित होने से भूमि टापू में स्थित हो गई है। वर्तमान समय में हमारी कृषि भूमि के तीन दिशाओं के आसपास बेक वाटर का जलाशय है। वहॉ पर पहुंचने के लिये लगभग 1 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ती है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुये कृषि भूमि पर पहुंचने हेतु रास्ते का निर्माण करवाया जाये। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने उक्त आवेदन बड़वानी तहसीलदार को भेजकर परीक्षण उपरान्त उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

#### पुरानी बनी कुटीरो को हटवाया जाए

जनसुनवाई में आशाग्राम बड़वानी के रहवासियो ने आवेदन देकर बताया कि भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आशाग्राम में प्रधानमंत्री आवास बनकर तैयार हो चुके है एवं उन मकानो में हितग्राहियो द्वारा रहना भी प्रारंभ कर दिया है। इन आवासो के समक्ष पूर्व में निर्मित जर्जर कुटीरो का ढांचा अभी भी बने होने से कुष्ठ रोगियों के परिजनों को आवागमन एवं पेयजल व्यवस्था में प्रतिदिन कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही लोगो के द्वारा यहॉ गंदगी भी फैलाई जा रही है। समीप ही बने संजीवनी



क्लिनिक के सामने बनी कुटीरे भी जर्जर हो चुकी है। इससे क्लिनिक पर आने-जाने वाले मरीजो को कठिनाईयो का सामना करना पडता है। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने उक्त आवेदन बड़वानी नगर पालिका के सीएमओ को भेजकर परीक्षण उपरान्त उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

#### मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना का लाभ दिलवाया जाए

जनसुनवाई में ग्राम एकलरा बसाहट निवासी श्रीमती अनीताबाई ने आवेदक देकर बताया कि उनके पति श्री राकेश पिता पुन्या मानकर की मृत्यु 23 जुलाई 2020 को असामयिक हो गई है। मेरे पति का संबल योजना का कार्ड भी बना हुआ है। संबल योजना के लाभ हेतु उन्होने ग्राम पंचायत कसरावद में आवेदन पत्र भी जमा कराया गया है। किन्तु अभी तक किसी प्रकार की मुझे सहायता नहीं दी गई। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने उक्त आवेदन बड़वानी जनपद पंचायत के सीईओ को भेजकर परीक्षण उपरान्त उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

#### मोहल्ले में सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण करवाया जाए

जनसुनवाई में ग्राम बोरलाय के रहवासियो ने सामुहिक आवेदन देकर बताया कि उनके मोहल्ले में कच्चा रास्ता होने से गंदगी एवं मच्छर भी पनप रहे है। इस कच्चे रास्ते पर सीसी रोड एवं नाली का निर्माण करवा दिया जाये तो आने-जाने वालो को सुविधा होगी। इस मोहल्ले में गरीब 30 परिवार निवासरत है। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने उक्त आवेदन बड़वानी जनपद पंचायत के सीईओ को भेजकर परीक्षण उपरान्त उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

#### मेरी पत्नी का मकान मेरे नाम से किया जाए

जनसुनवाई में पानसेमल निवासी श्री किर्तीकान्त गांधी ने उपस्थित होकर आवेदन देकर बताया कि पानसेमल के वार्ड क्रमांक 15 में स्थित मकान मेरी पत्नि स्व.रेशमबाई के नाम से मकान बना हुआ है। पूर्व में स्टाम्प वेण्डर के द्वारा मेरे नाम के बजाय रेशम पिता शमशेरसिंग लिख दिया गया है। जो गत है, जबकि मेरी पत्नि का देहान्त 8 वर्ष हो चुके है तथा हमारी कोई संतान भी नहीं है और ना ही उक्त मकान का कोई वारिसदार है। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने उक्त आवेदन एसडीएम पानसेमल को भेजकर परीक्षण उपरान्त उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

#### नवीन आंगनवाड़ी केन्द्र स्वीकृत किये जाए

जनसुनवाई में जनपद पंचायत सदस्य पाटी एवं अन्य लोगो ने उपस्थित होकर आवेदन देकर बताया कि उनके ग्राम मावड़ी फल्या आमली, नवाडिया फल्या झरार, बारी फल्या पिपरकुण्ड, भेरूम फल्या शिवनी, वलिया जामन्या फल्या शिवनी, रिजाली फल्या भुरवानी एवं कजानी फल्या आमली में नवीन आंगनवाड़ी केन्द्र स्वीकृत कर खोलने की मांग की गई है। इन केन्द्रो के खुल जाने से यहा के रहवासियो के एवं महिलाओं को शासन की योजनाओं का समय पर लाभ मिल जायेगा। इस पर जनसुनवाई कर रहे कलेक्टर डॉ. फटिंग ने उक्त आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास बड़वानी को भेजकर परीक्षण उपरान्त उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।



## सायता के शासकीय स्कूल में मनाया बाल दिवस

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** बाल मेले के आयोजन से बच्चे बाजार मूल्य, क्रय विक्रय और लाभ हानि सीखते है, उक्त बात ग्राम पंचायत सायता के सरपंच लोकेंद्र सिंह पटेल ने माध्यमिक विद्यालय सायता में आयोजित बाल मेले के शुभारंभ के अवसर पर की। अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन भोपाल यूनिवर्सिटी के प्राध्यापक श्री गुरिंदर सिंह ने संस्था ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों की सहभागिता एवं उपस्थिति बढ़ती है, बच्चों को बाज़ार भाव, पार्टनरशिप का ज्ञान होता है।

बाल मेले में संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय नावडातोड़ि, प्राथमिक विद्यालय सायता और माध्यमिक विद्यालय सायता के बच्चों, शिक्षकों और पालको के द्वारा किया गया था। जिसमे बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाये गए थे जिसका सभी ने खूब लुफ्त लिया। इस अवसर पर पंचायत सचिव आकृति बड़ोले, प्रधानाध्यापक संजय शर्मा, रामकन्या कुशवाह, कालूराम एक्कल, करम चौहान,गिरजेश कुशवाह सीएम राइज से मोहन यादव नेपाल सिंह गोयल, मनोज यादव,कंचन केवट, मन्नालाल बघेल, भारत नागराज, नानसिंह मंडलोई, प्रदीप कुमार यादव आदि।

थाना बलवाड़ा, पुलिस चौकी काटकुट एवं पुलिस चौकी बागोद द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए

## अवैध गांजे के 5 पौधे लगभग 30 हजार रुपए के खेत से जब्त

विनय उजाला



**बलवाड़ा, निप्र।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने वालों के विरुध्द लगातार कार्यवाही कर , अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त निर्देशों के परिपालन में, पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना व अति. पुलिस अधीक्षक मनोहरसिंह बारीया के द्वारा , ऑपरेशन प्रहार के तहत, जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारीयो को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तारतम्य में अवैध मादक पदार्थ की सूचना प्राप्त होने पर थाना बलवाड़ा, पुलिस चौकी काटकुट एवं पुलिस चौकी बागोद द्वारा, संयुक्त कार्यवाही करते अवैध गांजे के 05 पौधे करीबन 6 किलो 600 ग्राम कीमत लगभग 30 हजार रुपये बल्लू पिता नान सिंह निवासी ओखला के खेत से जप्त कर, आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। दिनांक 16.11.24 को पुलिस चौकी काटकुट पर मुखबीर से सुचना प्राप्त हुई कि, बल्लू पिता नान सिंह निवासी ओखला के खेत मे अवैध गांजे के 05 पौधे कपास के खेत में लगे हैं। मुखबीर सुचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना बलवाड़ा,पुलिस चौकी काटकुट एवं पुलिस चौकी बागोद पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना से अवगत करवाया गया व रवाना किया गया। पुलिस टीम के द्वारा ग्राम अखोला पहुँच कर , मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचे बल्लू पिता नान सिंह निवासी ओखला के खेत अवैध गांजे के 05 पौधे कपास के खेत में लगे मिले हैं। पुलिस टीम ने आरोपी बल्लू के खेत से अवैध गांजे के 05 पौधे करीबन 6 किलो 600 ग्राम कीमत लगभग 30000 रुपये को विधिवत जप्त किया । आरोपी बल्लू की तलाश करते नहीं मिला, आरोपी बल्लू के विरुद्ध थाना बलवाड़ा पर अपराध क्रमांक 298 /2024 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग बड़वाह अर्चना रावत के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी बलवाड़ा निरीक्षक अनिल बामनिया के नेतृत्व में, चौकी प्रभारी काटकुट उनि रामआसरे यादव, चौकी प्रभारी बागोद सउनि हरिशंकर पान्टेल, पुलिस स्टाफ, प्रधान आरक्षक बालूसिंह गिरवाल, आरक्षक कुलदीप, आरक्षक कपिल मीणा आरक्षक अनिल यादव,का विशेष योगदान रहा ।

## समीप गवालु घाट पर बस मोटरसाइकिल की हुई भिडंत

#### बाइक सवार युवक की मौके पर मौत

विनय उजाला



**बलवाडा, निप्र।** इंदौर खंडवा लाईन की अमर ज्योती कंपनी की बस हुई दुर्घटना ग्रस्त। सवारियों ने बताया की इंदौर से ही बस चालक बडी तेज रफ्तार मे चला रहा था जो की आगे चल रही बस को ओवर टेक करने के लिए गवालु घाट मे आगे निकाली तो दो मोटरसाइकि वालो को टक्कर मारदी जिसमे मोटरसाइकिल क्रमांक एम पी 09 क्यु ए 5589 की घटना स्थल पर मौत हो गई। बस मे बेठे पंद्रह यात्री घायल हुए जिन्हें पुलिस द्वारा आस्पताल पहुचाया गया।दूसरा बाइक सवार युवक रोशनियां निवासी त्रिलोक सौदा इंदौर अपनी पत्नी के साथ अपनी बाइक से जा रहे थे।गनीमत यह रही की पति पत्नी बाल बाल बचे। जिन्हें हल्की चोटे आई।जिनका उपचार बलवाड़ा प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया।बस में 50 से भी अधिक यात्री सफर कर रहे थे। घटना की सुचना मिलते ही बड़वाह तहसीलदार सहित बलवाड़ा थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे। राहगीरों वह ग्रामीणों की सहायता से बस में फंसे लोगों को बहार निकाला गया। मृतक युवक किसान लग रहा है क्योंकि वह टमाटर के पौधे लेकर जा रहा था।जिसका शव पोस्टमार्टम के लिए बड़वाह के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। यहां यात्रियों को आई चोटे प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया उपचार। त्रिलोक बलिराम जाति गुर्जर उम्र 23 थाना धनगांव, आशीष पिता कमल जाति बलाई, उम्र 18 वर्ष ममता बाई पति कमल उम्र 40 वर्ष, साजन बाई पति मगुलाल उम्र 62 वर्ष, रंजना बाई पति त्रिलोक उम्र 20वर्ष निवासी पलसी थाना धनगांव के लोग घायल हुए हैं। मृतक सिमरोल थाना क्षेत्र के मेमंदी का है जिसका नाम मनोज पिता हुकुमचंद उम्र 40 वर्ष है। सुबह शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप जायेगा।

### रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**बड़वानी, निप्र।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी, में प्राचार्य डॉ बलराम बघेल के निर्देशन एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ प्रमोद पंडित के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर अपने विचार रखें एवं रानी लक्ष्मीबाई के संघर्ष को विस्तार से बताया, उन्होंने बताया कि झांसी की रानी लक्ष्मी बाई को मर्दानी कहा गया। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ धर्मेंद्र सिंह जाटव के अतिरिक्त डॉक्टर संजय हिरवे ने लक्ष्मी बाई के जीवन संघर्ष के साथ उनके द्वारा लड़े गए युद्धों पर प्रकाश डाला, डॉ. दिनेश पाटीदार, डॉ राजेंद्र सिंह चौहान, डॉ अल्केश मुवेल, आकांक्षा भावसार, गौरव सोनी एवं अन्य समस्त स्टाफके साथ बड़ी संख्या विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कलेक्टर कर्मवीर शर्मा की स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खरगोन जिले के सभी विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों की बैठक रखी गई , जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमएस सिसोदिया, सिविल सर्जन डॉ. एएस चौहान, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती भारती आवास्या उपस्थित थी।

इस समीक्षा बैठक में कलेक्टर कर्मवीर शर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों में सभी विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर सभी पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड तेजी से बनाएं। अगले 20 दिनों में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य 95 प्रतिशत तक पूर्ण हो जाना चाहिए। इस योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से कम आयु के सभी पात्र लोगों के कार्ड बनाना है। 70 वर्ष से अधिक के आयु के लोगों के लिए आय का बंधन नहीं रखा गया है। अत: 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड तत्परता के साथ बनाया जाए। 70 वर्ष से अधिक के लोगों के लिए कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी सरल कर दी गई है। उन्हें केवल अपना आधार नंबर एवं उससे लिंक मोबाईल नंबर लेकर आना है।

नर्मदा परिक्रमा : सायता पहुंचीं स्वास्थ्य विभाग की सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक ने विद्यार्थियों से कहा-

# धर्म, संस्कृति, सभ्यता व संस्कार जीवन के आधार स्तंभ, ये पाठ्य पुस्तकों में होना चाहिए शामिल

महेश चौहान







**कसरावद। मां नर्मदा परिक्रमा पर निकलीं स्वास्थ्य विभाग की सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक व महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. शशि ठाकुर नर्मदा तट के ग्राम सायता पहुंचीं। उन्होंने शासकीय माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधित कर बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य व शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित किया।**

उन्होंने कहा कि देश में हजारों वर्ष पूर्व मुगल आक्रांताओं व अंग्रेजों ने राज किया। देश के ऐतिहासिक स्थलों व धरोहरों के साथ छेड़छाड़ कर नुकसान पहुंचाया। इतिहास में आज भी बच्चों को उनकी जीवनी पढ़ाई जाती है। लेकिन देश के कई शूरवीरों की वीरता का उल्लेख ही नहीं है। मैकाले की शिक्षा व्यवस्था को अरसे से हम पढ़ते आए हैं और वर्तमान में भी यह कुछ हद तक लागू है। जबकि धर्म, संस्कृति, सभ्यता व संस्कार जीवन के आधार स्तंभ है। इनको पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाना चाहिए। सभी को इतिहास के बारे में जानना और सम्झना चाहिए।

#### धार्मिक ग्रंथ पढ़ने पर दिया जोर

वीरांगना रानी दुर्गावती जी के परिवार से जुड़ी व वनवासी विकास परिषद छत्तीसगढ़ की प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दिव्या सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने धार्मिक ग्रंथों को पढ़ने पर जोर दिया। साथ ही महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत अलका चौहान, निर्मला व संगीता जगदीश भावसार खरगोन नर्मदा परिक्रमा साथ में पैदल यात्रा कर रही है। स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विभिन्न किस्म के पौधे व सब्जी उत्पादन व स्कूल की बेहतर व्यवस्था की डॉ. ठाकुर ने सराहना की। प्रधानाध्यापक संजय शर्मा, करम चौहान, रामकन्या कुशवाह, गिरजेश कुशवाह, नेपालसिंह गोयल व ग्राम के करण सिंह पटेल मौजूद थे।

#### महिलाओं को स्वास्थ्य के लिए कर रही जागरूक

डॉ. ठाकुर ने कहा- सेवानिवृत्ति के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर गांवों में जागरूकता लाई जा रही है। इसमें सिकलसेल, कुपोषण व गर्भधारण संस्कार पर जनजातीय क्षेत्र में पिछले लंबे समय से काम कर रहे हैं। महिलाओं में अधिकांशत : रक्त व विटामिन की कमी, कम आयु में विवाह होने से शरीर में बदलाव, गर्भावस्था के दौरान सही देखभाल नहीं होने और समय से पहले बच्चों का जन्म होने से शिशु मृत्यु दर बढ़ रही है। रक्त की कमी महिलाओं की मृत्यु का कारण भी बन रही है। वनांचल में सबसे ज्यादा ऐसी परेशानी देखने को मिल रही है। नर्मदा परिक्रमा के दौरान इस पर चर्चा कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास जारी हैं।

#### जीवन में किसी के सामने ना झुके

डॉ. ठाकुर ने कहा- महेश्वर की देवी अहिल्या बाई होल्कर व रानी दुर्गावती जी का इतिहास व जीवनी सभी को पढ़ना चाहिए। किस तरह उन्होंने अन्याय-अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी। साहस व पराक्रम के बल पर जीवनभर लड़ाई लड़ी, लेकिन कभी हार नहीं मानी। कुशल नेतृत्व व न्यायपूर्ण उल्लेखनीय काम किए। देश में नारी शक्ति ने कई इतिहास रचे हैं। हम पढ़े व उनसे प्रेरणा लेकर बेहतर काम करें। खुद व परिवार का नाम रोशन करें। समाज व देश के प्रति जागरूक बने। उन्होंने कहा- जीवन में कभी भी किसी से डरना व झुकना नहीं चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मेडिसिटी की सौगात पर निकाली आभार रैली, नगर निगम सभापति श्रीमती यादव ने माना आभार




**उज्जैन, निप्र ।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा जिले को मेडिसिटी मेडिकल महाविद्यालय की सौगात देने पर नगरवासियों, छात्रों, नर्सिंग स्टॉफ, मेडिकल व्यवसायी, डॉक्टर्स ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ.यादव द्वारा दी गई सौगात पर आभार रैलियाँ निकाली जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सिद्धीकी ने जानकारी दी कि मंगलवार सुबह 9 बजे शासकीय विद्यालय महाराजवाड़ा क्रमांक 2, चारधाम मंदिर के पास से आभार रैली निकाली गई। आभार रैली चारधाम पार्किंग से प्रारंभ होकर हरसिद्धि मंदिर, पटनी बाजार, गोपाल मंदिर से राजाभाऊ मार्ग होती हुई छत्रीचौक चौराहे पर समाप्त हुई। रैली के अंत में नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव ने आभार व्यक्त किया। आभार रैली में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं छात्रों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं नारे लगाकर मुख्यमंत्री डॉ.यादव का आभार व्यक्त किया। आभार रैली का संचालन प्रसिद्ध कवि दिनेश दिग्गज ने किया। रैली में संजय अग्रवाल, एडीपीसी गिरीश तिवारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### स्वर्णिम भारत मंच की अति आवश्यक बैठक आज

**उज्जैन, निप्र ।** मेडिकल कॉलेज की सौगात उज्जैनवासियों के लिए एक अभूतपूर्व क्षण है। बरसों से मेडिकल कॉलेज की मांग उठती आई है, जो अब पूरी होने जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन करेंगे। गत दिनों कलेक्टर नीरज सिंह ने सामाजिक संस्थाओं से आव्हान किया है कि इस ऐतिहासिक अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर हर्ष व्यक्त करें। इसी क्रम में स्वर्णिम भारत मंच की एक अति आवश्यक बैठक आज बीमा अस्पताल परिसर, गाड़ी अड्डा चौराहा, आगर रोड पर दोपहर 1:00 बजे आयोजित की गई है। स्वर्णिम भारत मंच के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि यह बैठक नए और पुराने सदस्यों के मिलन कार्यक्रम के रूप में आयोजित की गई है। बैठक में उत्तर विधानसभा के विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### तुलसी विवाह के बाद कान्हा जी को बेण्ड बाजे के साथ घर लाये



**नागदा जं. निप्र।** पोरवाल बहु मण्डल द्वारा तुलसी विवाह हेतु जवाहर मार्ग स्थित राजेन्द्र सोलंकी के निवास से कान्हाजी को श्री बद्रीविशाल मंदिर ले जाया गया। जहां धुमधाम से कान्हा जी का विवाह तुलसी जी के साथ हुआ। इस दौरान पोरवाल बहु मण्डल सदस्यो ने पुष्पवर्षा की गई तथा उपस्थित जनो को केसर दूध पिलाकर स्वागत किया गया। विवाह पश्चात् बेण्डबाजे एवं ढोल के साथ तथा नाचते गाते कान्हाजी को पुन: जवाहर मार्ग स्थित घर पर लाया गया। इस अवसर पर कान्तो सोलंकी, चंचल सेठिया, कल्पना पोरवाल, दीपिका पोरवाल, सुनिता सेठिया, अल्पना पोरवाल, निशा पोरवाल, अंजु पोरवाल, ममता सोनी, कल्पना गुर्जर, शातिबाई गुर्जर, रानी मोहता, कुशल खण्डेलवाल सहित पोरवाल महिला बहु मण्डल की सदस्य मौजूद रही।

### प्रयाग महाकुंभ 2025 में दिव्य नेत्र कुंभ का होगा आयोजन

**उज्जैन, निप्र ।** पवित्र त्रिवेणी संगम नगरी तीर्थराज प्रयाग उत्तर प्रदेश में 12 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक देश की दिव्यांग कल्याण सेवा में अग्रणी संस्था सक्षम (सम दृष्टि क्षमता विकाश एवं अनुसंधान मंडल) के द्वारा द हंस फाउंडेशन, स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन, श्री भाऊ राव देवरस न्यास, श्री रज्जू भैया सेवा न्यास, नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन, सेवा भारती के साथ ही अनेक सेवा भावी संस्थाओं के सहयोग से दिव्य नेत्र कुंभ का आयोजन दस एकड़ से अधिक भूमि पर किया जा जाएगा। कुंभ में आने वाले सभी साधु संतों, श्रद्धालुओं में से ही निश्शुल्क पांच लाख नेत्र परीक्षण होगा। आधुनिक मशीनों से एवं तीन लाख व्यक्तियों को चश्मा वितरण के साथ दवाइयां एवं पचास हज़ार शल्य चिकित्सा का लक्ष्य रखा गया है। इस महान कार्य के लिए सम्पूर्ण भारत से सक्षम के कार्यकर्ता, ऑफ्थम्लॉजिस्ट, ऑप्ट्रोमेट्रिस्ट आदि स्वेच्छा से सेवा कार्य देने के लिए प्रयाग जा रहे हैं। मालवा प्रांत से जो भी समाजसेवी, कार्यकर्ता, ऑफ्थोमोलॉजिस्ट, ऑप्टोमेट्रिस्ट आदि नर सेवा ही नारायण सेवा के भाव से कल्याणकारी सेवा कार्य में जाना चाहता हो वह सक्षम के पदाधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं। प्रवास की अवधि में व्यक्ति के आवास, विश्राम, भोजन आदि की पूर्ण व्यवस्था की गई है। साथ ही सेवा कार्य का प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। भारत में करीब पांच करोड़ दिव्यांग हैं, इसमें सर्वाधिक एक करोड़ पच्चीस लाख से अधिक दृष्टि सम्बन्धित दिव्यांग हैं। यह आयोजन विश्व में अनूठा इसलिए है कि एक ही स्थान पर अध्यात्म के साथ ही बहुत बड़ी संख्या में दिव्यांग पुनर्वास के कल्याण कार्य होंगे।

### भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 21 नवंबर से सिलफोडखेड़ा में

**खातेगांव, निप्र।** भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 21 नवंबर 2024 गुरुवार से जियागांव के पास स्थित ग्राम सिलफोडखेड़ा में प्रारंभ होगा। भव्य श्रीमद् भागवत कथा की जानकारी देते हुए रामभरोस सेठ सनोनिया ने बताया कि 21 नवंबर 2024 गुरुवार को प्रात: 8:00 बजे से कलश यात्रा प्रारंभ होगी, कथा वाचक पंडित शैलेंद्र जी शास्त्री शिवकोठी ओंकारेश्वर के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 1 से 4:00 तक श्रीमद् भागवत कथा का की जाएगी। 26 नवंबर मंगलवार को प्रात: 8:00 बजे गंगा पूजन एवं 27 नवंबर 2024 बुधवार दोपहर 1:00 पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आपने धर्म प्रेमी जनता को आयोजन में पधारने का आग्रह किया है।

### विश्व शौचालय दिवस पर हमारा शौचालय ,हमारा सम्मान पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**सुसनेर, निप्र** ग्रामीण विकास के निर्देशानुसार विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर हमारा शौचालय हमारा सम्मान कैंपेन के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा विगत दिवस दिए गए निर्देश के क्रम में श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर सीईओ जिला पंचायत ने उक्त अभियान हेतु निर्देश प्रसारित कर 19 नवंबर विश्व शौचालय से शुरू होकर, मानव अधिकार दिवस 10 दिसंबर तक मनाए जाने के लिए सभी लाइन विभाग को निर्देश दिए गए।

# कलेक्टर ने की जनसुनवाई -आवेदनों के निराकरण हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र ।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने मंगलवार 19 नवंबर को प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल पर स्थित सभा कक्ष में जनसुनवाई करते हुए आम जनता की समस्याओं के आवेदनों के निराकरण करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कई आवेदनों के निराकरण करने के लिए वीसी के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने नागदा तहसील के ग्राम निंबोदिया कला निवासी भागीरथ ने आवेदन पत्र देकर अनुरोध किया कि गांव के ही कुछ व्यक्ति उन्हें लड़ाई झगड़े कर डराने के आवेदन पर पुलिस अधीक्षक को उचित कार्यवाही करने हेतु कहा है। इसी तरह उज्जैन निवासी कैलाश चन्द्र शर्मा ने आवेदन पत्र देकर अनुरोध किया कि भूमि का पट्टा दिलवाने के आवेदन पर संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर के समक्ष बड़नगर तहसील के ग्राम उमरिया निवासी उसमान पिता हाजी बाबू पटेल ने आवेदन पत्र देकर बताया कि मेरे भाई द्वारा विवाद एवं झूठे केस में फसाने के आवेदन पर कलेक्टर ने एसपी को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु कहा गया है। इसी तरह तराना तहसील के ग्राम बंजारी निवासी नग्गा पिता छिताजी ने आवेदन पत्र देकर अनुरोध किया कि उनके नाम पर पट्टे की भूमि को भूमिस्वामी दर्ज न करने की



शिकायत पर कलेक्टर ने तहसीलदार तराना को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष बड़नगर तहसील के ग्राम राठोड़खेड़ी निवासी शांतिलाल पिता तेजाराम ने आवेदन पत्र देकर अनुरोध किया कि मैं विकलांग कोटे से विकलांग पेंशन वर्ष 2002 से मिल रही थी जिसे वर्तमान में बंद कर दिया गया है। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग को उक्त प्रकरण पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उज्जैन तहसील के ग्राम खजुरिया निवासी अमर सिंह ने आवेदन पत्र देकर अवगत कराया कि उनके मकान के समीप निजी नाली में शासकीय नाली का निर्माण कर समस्या का समाधान न होने की शिकायत पर जनपद पंचायत उज्जैन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को समाधान करने के निर्देश दिए। नागदा तहसील के ग्राम कीलोड़िया निवासी सवजी पिता रतन ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन पत्र देकर अनुरोध किया कि उनकी कृषि भूमि में नक्शा खराब कर रहे हैं। नक्शे की जाँज कराई जाए। कलेक्टर ने इस संबंध में तहसीलदार नागदा को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर के समक्ष घट्टिया निवासी बलवीर सिंह ने आवेदन पत्र देकर अनुरोध किया कि पीएम आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने पर कलेक्टर ने एसडीएम घट्टिया को जाँच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह खाचरौद निवासी ग्राम गिंदवानिया के ग्रामीणों ने सामुहिक रूप से आवेदन देकर अनुरोध किया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत ग्राम पंचायत द्वारा मनमानी करने और अपात्रों को उक्त योजना में लाभ न दिलाने की शिकायत पर जिला पंचायत के सीईओ को नियमानुसार जाँच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। तराना तहसील के ग्राम कायथा निवासी पूजा मालवीय ने आवेदन पत्र देकर अनुरोध किया कि टोल प्लाजा पर 11 महीने से काम किया और उन्हें वहां से हटाकर वेतन न देने की शिकायत पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के अतिरिक्त जनसुनवाई अपर कलेक्टर एमएस कवचे तथा अन्य अधिकारियों ने की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### श्री महाकाल लोक में आवंटित दुकाने प्रारंभ नहीं करने वालो के होंगे आवंटन निरस्त

## कलेक्टर ने श्री महाकालेश्वर मंदिर के महाकाल लोक और प्रसादम क्षेत्र का निरीक्षण किया

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र ।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने मंगलवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर के श्री महाकाल लोक और प्रसादम क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जो दुकानें नीलामी के पश्चात आवंटित हुई थीं, उनके प्रारंभ होने की स्थिति का अवलोकन किया गया। जिन दुकानदारों ने अभी तक आवंटन के पश्चात भी दुकान प्रारंभ नहीं की है उन्हें शीघ्र अतिशीघ्र दुकान प्रारंभ करने के लिए कहा गया अन्यथा आवंटन को निरस्त करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर द्वारा टूरिज्म बोर्ड के माध्यम से श्री महाकाल लोक में प्रारंभ किए जाने वाले लाईट एंड साउण्ड शो की प्रगति का अवलोकन किया गया। बताया गया कि जनवरी 2025 तक लाईट



एंड साउण्ड शो के प्रारंभ होने की संभावना है। कलेक्टर द्वारा रूद्रसागर पर बनाए जाने वाले फुटओवर पैदल ब्रीज का भी निरीक्षण किया गया। बताया गया कि ब्रीज का काम दिसंबर माह में पूर्ण होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा श्री महाकालेश्वर मंदिर के बाहर के मार्गों का निरीक्षण किया गया और इसके लिए जो राशि स्मार्ट सिटी से प्राप्त होनी है उसे शासन से पत्राचार कर प्राप्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि प्रसादम की भी 7 दुकानों की आवंटन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, उन्हें भी शीघ्र अतिशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान प्रशासक श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति गणेश कुमार धाकड़, सीईओ स्मार्ट सिटी संदीप शिवा, सीईओ यूडीए संदीप सोनी एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

### विश्व मधुमेह सप्ताह के अंतर्गत डॉक्टरो का किया सम्मान

## लायंस क्लब नागदा ग्रेटर के द्वारा रीजन-झोन अधिकारिक यात्रा एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन

विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र।** लायंस क्लब नागदा ग्रेटर ने दिनांक 18/11/2024 सोमवार को संस्था स्नेह श्रीराम कॉलोनी लायंस हाल में रीजन एवं झोन की अधिकारिक यात्रा सम्पन्न की। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियो द्वारा माँ सरस्वती एवं मेलविन जोन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में रीजन चेयर पर्सन लायन रविप्रकाश बंसल उज्जैन से, झोन चेयर पर्सन लायन लता खेतान व वर्षभर मधुमेह की नि:शुल्क जांच करने वाले लायंस क्लब के लायन डॉ. अनिल दुबे, लायन डॉ. सुनील चैधरी, लायन डॉ. प्रदीप रावल, लायन डॉ. ओम बैरागी, लायन डॉ. हरीश तिवारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में ध्वज वंदना



लायनेड किरण बजाज व विश्व शांति पाठ लायनेड सुषमा बिसानी द्वारा किया गया।

लायंस क्लब नागदा ग्रेटर अध्यक्ष अशोक बिसानी द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं सचिविय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर लायंस क्लब नागदा ग्रेटर के वरिष्ठ लायन पंकज मारू, सतीश बजाज, अजय गरवाल, अजय पोरवाल, झमक राठी, डॉ. हिमांशुदत्त पाण्डेय, शरद जैन, रोहित प्रजापत, अविनाश गनेरीवाल, आनन्दीलाल गगरानी, शशांक सेठिया, विनोद पोरवाल, अशोक पोरवाल, अशोक सकलेचा, श्याम पोरवाल, श्यामलाल चैहान, कमलेश नागदा, ललित खण्डेलवाल, तेजपाल जवेरिया, आशा जवेरिया, सोनु मारू, राजेश इन्द्र, रमेश केरवार, प्रतीक माहेश्वरी, प्रकाश राठी, लियो आनंद पोरवाल, लियो अप्रतिम सुराना, स्नेह संस्था का स्टॉफ, प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चैहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लायन विनयराज शर्मा एवं लायन जया राठी ने किया व अंत में आभार संयोजक लायन विजय पोरवाल ने माना।

## सीमांकन के आदेश को एक माह, फिर भी आज तक नपती नहीं हुई

### जनसुनवाई में महापुरुषों की प्रतिमाओं को रंगरोगन कराने की मांग

विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र।** मंगलवार को जनसुनवाई लगभग 45 मिनट देरी से शुरु हुई, जिसमें 11 बजकर 41 मिनट पर एसडीएम ब्रजेश सक्सेना, नायब तहसीलदार रामविलास वक्तारिया पहुंचे। इस दौरान गवर्नमेंट कॉलोनी में मकान निर्माण के दौरान लक्ष्मण मोहने द्वारा उसके द्वारा मकान पर प्लास्टर नहीं करने की शिकायत की गई, जिसमें एसडीएम ने सीएमओ प्रेमकुमार सुमन को समस्या समाधान करने के निर्देश देते हुए कहा कि अगली जनसुनवाई में आए तो इसकी परिणाम लेकर आए। पत्रकार गोपाल मावर ने रेलवे स्टेशन के सामने शब्बीर पिता इस्माईल, एहमद पिता इस्माईल द्वारा तीन मंजिला भवन बनाया गया है जिसकी नगरपालिका में दो बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है मावर ने शिकायत के माध्यम से उचित कार्यवाही की मांग की। अशोक मीणा ने शिकायत करते हुए बताया कि साकेत नगर में पानी की टंकी के पीछे नगरपालिका द्वारा निर्मित सडक़ पर कुष्णा कुमावत द्वारा निर्माण कार्य कर लिया गया, जिससे आसपास के मकानों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो रही है। जूना नागदा निवासी अंकित परमार ने उसकी भूमि का सीमांकन कर शेष बची भूमि पर बोवनी की अनुमति मांगी। गांव नायन के कालुसिंह पिता भेरुसिंह ने एसडीएम से गुहार लगाते हुए कहा कि भूमि सर्वे नंबर 13/2 रकबा 0.10 हेक्टयर के सीमांकन का आदेश 27 सितंबर 2024 को जारी कर दिए गए, लेकिन आज तक सीमांकन नहीं किया गया। सीएल वर्मा ने एसडीएम को बताया कि शहर में महापुरुषों की प्रतिमाओं का रंगरोंगन लंबे समय से नहीं हुआ है जिसका रंगरोगन नगरपालिका के माध्यम से कराया जाना चाहिए, एसडीएम ने सीएमओ को महापुरुषों की प्रतिमाओ के रंगरोगन के निर्देश दिए। वर्मा ने कहा कि बारिश और तेज आंधी के कारण क्षतिग्रस्त हो चूके महात्मा फूले स्वागत द्वारा की रिपेरिंग, भद्रकालिका चौराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की प्रतिमा लगाने, गीताश्री गार्डन के सामने महिदपुर रोड़ पर कुशाभाऊ ठाकरे की प्रतिमा लगाने की आग्रह किया। जनसुनवाई में सीएमओ प्रेमकुमार सुमन, विद्युत कंपनी डीई मिनेष कुमार, नगरपालिका उन्हेल से आशु प्रजापति, कृषि विस्तार अधिकारी श्याम पाटीदार, सिंचाई विभाग जगदीश शर्मा, कृषि उपज मंडी सचिव मनोज खिंची, वन विभाग के संजयकुमार झा, आईसीडीएस मीना गुप्ता, फुड इंस्पेक्टर समद खान, जनपद पंचायत से अम्बाराम पाटीदार, लोनिवि से पीके मकवानी, सीडीपीओ मुकेश वर्मा, महेंद्र अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग लड़की के भागने के प्रयास को किया असफल

विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र। जैसे-जैसे कानून लड़कियों के लिए अच्छा होता जा रहा है वैसे-वैसे लड़कियां खुद ऐसी गलतियां करती है जिसका भुगतान उनको बाद में बड़ी गलती के रूप में भुगतना होता है।**

ऐसा ही एक मामला नागदा थाने पर आया, उज्जैन की एक नाबालिग लड़की जिसकी दोस्ती सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर दाहोद के किसी अनजान व्यक्ती से हुई । थाना नागदा में पदस्थ ऊर्जा डेस्क प्रभारी उप निरीक्षक योगीता उपाध्याय को थाना नागझरी में पदस्थ उप निरीक्षक आरती ने सूचना दी कि नागझिरी क्षेत्र की एक नाबालिक बालिका ट्रेन में बैठकर दाहोद की ओर जा रही है । थाना प्रभारी अमृतलाल



गवरी को मामले से अवगत करवा कर नागदा रेलवे स्टेशन आरपीएफ थाने से एसआई आरती को लेकर प्लेटफॉर्म न पाँच पर पहुंची। जहां पर रेलगाड़ी आने वाली थी उसमें जाकर लड़की की जानकारी ली।

गाड़ी में बैठे लोगों की सक्रियता से लड़की जो नाबालिक थी स्कूल की ड्रेस पहनी थी तथा अपना स्कूल बैग साथ में ली हुई थी को साथ में थाना लेकर आए। थाना नागझरी को उक्त संबंध में सूचना दी।

## डम्फर चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने चार घंटे में घेराबंदी कर पकड़ा



**नागदा जं. निप्र।** शहर के मध्य से मिनी डम्फर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। प्रारंभिक पुछताछ में आरोपी ने मंदिर की दान पेटी में चोरी की वारदात को अंजाम देने भी कबुल किया। पुलिस ने आरोपी से पांच लाख रुपए कीमत का डम्फर जब्त किया। बुधवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड लेगी। सम्पत्ति संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एसपी प्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन में सीएसपी ब्रजेश शर्मा एवं टीआई अमृतलाल गवरी की तत्परता से शहर में बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को टीम गठित कर पकड़ा। टीआई गवरी के अनुसार जामा मस्जिद रोड़ पर स्थित फीटर साहब की टाल से बीती रात्रि लगभग 11 बजे घर के बाहर खड़े डम्फर नंबर एमपी-09-जीई-8539 को चुराने के लिए स्टार्ट किया। डम्फर की आवाज सुनकर मालिक आबीद हुसैन उर्फ राजा की नींद खुल गई, दूसरी मंजिल से ही आबादी ने शोर मचाया, आरोपी कुछ दूरी तक डम्फर ले गया और छोडक़र भाग गया। सूचना मिलने पर टीआई गवरी ने तुरंत टीम गठित की, जिसमें एसआई सुरेश कैथवास, प्रधान आरक्षक सोमसिंह भदौरिया, दिनेश गुर्जर, विजय थापा, आरक्षक सौरभसिंह, दीपक कायस्थ को शामिल किया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी बिट्टू उर्फ राजेश पिता कैलाश घावरी उम्र 22 वर्ष निवासी ई ब्लाक टापरी को रेलवे स्टेशन के पास से घेराबंदी की। पुलिस ने मात्र चार घंटे में डम्फर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पकडऩे में सफलता हासिल की।


## तहसीलदार पर कार्यवाही के लिए एसडीएम से शिकायत

**नागदा जंक्शन।** नागरिक अधिकार मंच के जिलाध्यक्ष अभय चोपड़ा ने मंगलवार को जनसुनवाई में एसडीएम ब्रजेश सक्सेना से तहसीलदार मुकेश सोनी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। चोपड़ा का आरोप था कि हम न्यायिक शुल्क जमा करने के बाद न्याय के लिए आते है हमने तहसीलदार को प्रक्रिया के पालन का कहा तो तहसीलदार हमको कहते है कि आप हमको ज्ञान मत दो, यह तो सीधा सीधा पक्षकार के अपमान है। चौपड़ा द्वारा धारा 248 के तहत बंद पड़े भारत कामर्स उद्योग की कोठियों का मामला तहसीलदार न्यायालय में लगाया है जिसमें प्रक्रिया का पालन नहीं हो रहा है तहसील न्यायालय अपना रुख स्पष्ट करे ताकि हम आगे की कार्यवाही कर सके। चौपड़ा ने बताया कि भारत कॉमर्स उद्योग की भूमि पर शासन का कब्जा है और लैंक्सेस द्वारा अन्य उद्योगों को नियमित रुप से प्रतिमाह किराया दिया जा रहा है यह अनूचित है। वर्तमान समय में एक उद्योग ने शिकायत कर एक व्यक्ति से कोठी खाली करवाई जबकि अन्य कोठियों पर तथावत किराएदा है।

### नगर परिषद पानखेड़ी के नवनिर्मित भवन का हुआ लोकार्पण

## दीपावली मंगल मिलन समारोह में शामिल हुए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय...!





लखन सिंह चन्देल

**कालापीपल। कालापीपल नगर परिषद पानखेड़ी के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण नगरी विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, लोकप्रिय विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, शाजापुर विधायक अरुण भीमावत, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक नायक की उपस्थिति में संपन्न हुआ।**

साथ ही कालापीपल के ग्राम पंचायत भौसायागढ़ा में दीपावली मंगल मिलन समारोह में सम्मिलित हुए, दीपावली मंगल मिलन में संत श्री पूज्य महामंडलेश्वर श्री केशवदास महाराज (श्रीराम जानकी आश्रम सरदार नगर) पूज्य महामंडलेश्वर महंत रघुनाथदास महाराज (राघवेंद आश्रम छापरी) पूज्य महंत शंकरपुरी महाराज (काशी अनपूर्णा मठ) पूज्यनीय विनोद नागर (गोविंद जाने) (मालव माटी के संत) पूज्यनीय गुरुदेव बाबा रामदेव सेवक (टिकोन धाम) पूज्यनीय महंत तिलकदास महाराज (अरनिया कला) प्रसिद्ध राम कथा वाचक पूज्यनीय श्यामस्वरूप मनावत (मानस मर्मज्ञ) दीपावली मंगल मिलन समारोह में शामिल हुए,कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री विजयवर्गीय के सामने विधानसभा की सबसे बड़ी समस्या सड़क की मांग राखी,देवकी राडी में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद का लाभ लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, उच्च शिक्षा मंत्री इंद्र सिंह परमार,राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, जिला अध्यक्ष अशोक नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिसोदिया,नगर परिषद अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल, योगेंद्र सिंह बंटी बना, मंडल अध्यक्ष कृपाल मेवाडा, जीवन आर्य, सुरेश परमार भंवरलाल पंवार, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भोजराज पंवार आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे व कार्यक्रम का संचालन कृपाल मेवाडा ने किया आभार ग्राम भैसाया के सरपंच लखन सिंह बघेल ने माना।

## संक्षिप्त समाचार

### सहायक प्रोग्रामरों का कम्प्यूटर प्रशिक्षण शुरू, 22 नवम्बर तक चलेगा प्रशिक्षण



**भोपाल, निप्र।** विभागीय प्रोग्रामर एवं सहायक प्रोग्रा मरों का बेसिक कंप्यूटर आपरेशन्स के अंतर्गत एम. एस. ऑफिस 2021 प्रोफेशनल विषय पर क्रिस्प संस्था श्यामला हिल्स भोपाल में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। यह 18 नवम्बर को प्रारंभ हो गया है। आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी ने बताया है कि विभाग के सभी स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारियों को क्रिस्प सस्थान में संवर्ग अनुसार अलग अलग बैचों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण आगामी 22 नवम्बर तक चलेगा। विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के लिये यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

### मुख्य सचिव ने की सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 की समीक्षा

**भोपाल, निप्र।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने मंगलवार को मंत्रालय में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 की समीक्षा की। श्री जैन ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया नियंत्रण के लिए व्यापक रणनीति बनाकर कार्य किया जाये। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विभिन्न विभाग मिलकर संयुक्त रूप से कार्य करेंगे तो अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। पीड़ित लोगों को जागरूक करने के लिए संवाद कायम करें। भविष्य में शोध कार्य के अनुरूप डाटा संकलन किया जाये। मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाये कि वर्तमान में किये जा रहे टेस्ट के साथ अन्य बीमारियों की भी जांच हो सके। मशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. सलोनी सिडाना ने सिकल सेल एनीमिया के कारण एवं रोकथाम के प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके उन्मूलन के लिए 4 स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। इसमें स्क्रीनिंग, मैनेजमेण्ट, कॉउंसलिंग एवं जन-जागरूकता के लिए प्रयास सम्मिलित हैं। बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग श्री संदीप यादव उपस्थित रहे।

### वन्य-जीवों को करंट से बचाने के संबंध में राष्ट्रीय स्तर का मंथन

**भोपाल, निप्र।** विद्युत लाइनों से आमजनों, कार्मिकों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। इसी क्रम में भारतीय वन्य जीवन संस्थान देहरादून ने वन्यजीवों की सुरक्षा, करंट से मृत्यु कम करने को लेकर राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला 20 से 22 नवंबर तक आयोजित की है। इसमें पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से दो कार्मिक शामिल होंगे। कार्यशाला में पर्यावरण सुरक्षा, हाथी व अन्य जीवों की करंट से रक्षा, वन्य जीवों की जोखिम को कम करने के हर संभव प्रयास, बिजली लाइनों के स्वरूप में बदलाव की संभावना और क्रियान्वयन, अंडर ग्राउंड लाइनें एवं केबलीकरण, 33/11 केवी लाइनों की गार्डिंग इत्यादि पर मंथन होगा। पश्चिम क्षेत्र से सुरक्षा शाखा प्रभारी एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आरके नेगी, वरिष्ठ लाइन परीक्षण सहायक श्री आरएन व्यास भाग ले रहे हैं। इसमें देशभर से पॉवर ट्रांसमिशन एवं बिजली वितरण कंपनी से जुड़े कार्मिकों को आमंत्रित किया गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर को



**भोपाल, निप्र।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और विशेष अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के कार्यक्रम का केन्द्रीय विषय भारत में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी, कानूनी सुरक्षा और मानव अधिकार पर आधारित होगा। मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने मानव अधिकार आयोग में विषय से संबंधित विभागों के अधिकारियों की आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। बैठक में वृद्धजन कल्याण से संबंधित योजनाओं एवं अन्य सुसंगत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, पुलिस, नगर निगम, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के अधिकारी और मानव अधिकार आयोग के सदस्य श्री राजीव कुमार टंडन भी उपस्थित रहे।

## वन विहार में पक्षी अवलोकन एवं नेचर कैम्प शुरू

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में पक्षी अवलोकन एवं नेचर कैम्प का आयोजन किया गया। नेचर कैम्प में छात्र-छात्राओं में वन, वन्य-प्राणियों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की दृष्टि से भोपाल शहर एवं उसके आसपास के ग्रामों के शासकीय विद्यालयों के लिये कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक, स्टेशन भोपाल के 41 छात्रों एवं 3 शिक्षकों ने भाग लिया। कैम्प में सम्मिलित प्रतिभागी छात्रों के साथ वन्य-प्राणी संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं वनों की रक्षा के संबंध में विचार साझा कर जागरूकता की समझाईश दी गयी। कैम्प में विषय-विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को पक्षी दर्शन, तितली, वन्य-प्राणी और विद्यमान वानिकी गतिविधियों की जानकारी दी गयी। साथ ही वन, वन्य-प्राणी और पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियाँ करायी गयीं और उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। इसके अलावा बाघ, तेंदुआ, भालू, मगर, घड़ियाल, चीतल, सांभर, नीलगाय वन्य-प्राणियों का अवलोकन भी कराया गया। वुलीनेक स्टॉर्क, किंगफिशर जैसे पक्षी एवं नीडम क्षेत्र में कृत्रिम घोंसले और पक्षियों के पुतले भी दिखाये गये। मिशन लाइफ अंतर्गत पर्यावरण को बचाने के लिये प्रतिभागियों द्वारा शपथ भी ली गयी। प्रतिभागी छात्रों को विहार वीथिका स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में वन्य-प्राणियों से संबंधित एनिमेशन फिल्म भी दिखायी गयी।

### भारतीय जीवन मूल्यों के सामर्थ्य ने ही प्रधानमंत्री मोदी को वर्तमान वैश्विक संघर्षों में शांतिदूत के रूप में स्थापित किया

# मुख्यमंत्री ने किया एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक के 17वें सम्मेलन का शुभारंभ

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत का अतीत गौरवशाली रहा है और भारत प्राचीनकाल से ही वैश्विक स्तर पर उच्च शिक्षा का मुख्य केन्द्र रहा। कई देशों के विद्यार्थियों, राजकुमारों ने तक्षशिला, नालंदा जैसे भारत के विश्वविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण की। लेकिन ऐतिहासकि रूप से हमें ऐसा कोई उल्लेख प्राप्त नहीं होता, जिसमें भारत में शिक्षा ग्रहण किए किसी व्यक्ति अथवा सत्ताधीश ने अन्य राज्य पर आक्रमण किया हो।**

यह तथ्य प्राचीन काल से चली आ रही हमारी शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ जीवन मूल्यों और नैतिक मूल्यों को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को होटल ताज में एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक के 17वें सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

#### अतीत से वर्तमान की कई घटनाएं जीवन मूल्यों के प्रति दृष्टिकोण की भिन्नता के कारण हुई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा का बदलता स्वरूप और हमारे जीवन मूल्य विषय पर आयोजित यह सम्मेलन सम-सामयिक महत्व का है। अतीत से लेकर वर्तमान तक की कई घटनाएं जीवन मूल्यों के प्रति दृष्टिकोण की भिन्नता के परिणाम स्वरूप ही घटित हुईं। रामायण काल में रावण हो या महाभारत काल में कौरव, योग्यता और क्षमता में कोई भी कम नहीं था, लेकिन उनके जीवन मूल्य और नैतिक मूल्य उचित नहीं थे, इसी कारण उन्हें कभी सम्मान नहीं मिला और वे समाज में तथा इतिहास में सदैव नकारे गए। कर्ण की योग्यता अद्भुत थी, लेकिन उनकी दृष्टि, प्रतिशोध, जिद और नकारात्मक भाव ने उन्हें पतन की ओर अग्रसर किया। इसी प्रकार के उदाहरण हमें सोने की लंका बनाने वाले रावण के भी प्राप्त होते हैं। सभी प्रकार के वैभव और सामर्थ्य होने के बाद भी वे कभी स्वीकारे नहीं गए और नैतिक मूल्यों के




आधार पर ही वनवासी श्रीराम ने उन्हें परास्त किया। अर्थात् यह नैतिक मूल्यों और जीवन मूल्यों की ही विजय थी।

#### नई शिक्षा नीति के माध्यम से लागू किए जा रहे हैं कई नवाचार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल के संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे आदर्शों और जीवन मूल्यों का ही परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन संघर्षों में भी शांति के लिए प्रयास करते दिखाई देते हैं। यह भारतीय जीवन मूल्यों के सामर्थ्य को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2020 से लागू नई शिक्षा नीति के माध्यम से पढ़ने और सीखने की प्रक्रिया को अधिक लचीला, सरल और रूचिपूर्ण बनाते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न संकायों के विषयों के अध्ययन की सुविधा प्रदान की गई है। अध्ययन प्रक्रिया को आयु के बंधन से मुक्त करते हुए क्रेडिट प्रदान करने जैसे नवाचार भी प्रदेश में किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक को मध्यप्रदेश में अपनी गतिविधियों के विस्तार के लिए आमंत्रित किया।

#### वैश्विक स्तर की शिक्षा देश में ही उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध

जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी के चांसलर श्री हरिमोहन गुप्ता ने बताया कि 35 देशों में फैले एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक का सम्मेलन भारत में पहली बार हो रहा है। एसोसिएशन मध्यप्रदेश में उच्च शिक्षा और कौशल विकास पर केन्द्रित वैश्विक संस्थाओं की स्थापना कर विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा देश में ही उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, शिक्षाविद श्री अनूप स्वरूप और विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि तथा विषय-विशेषज्ञ उपस्थित थे।

## मानवता के कल्याण के लिए शिक्षा अहम : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

### एयूएपी के 17 वें सामान्य सभा सम्मेलन में हुए शामिल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मानवता के कल्याण के लिए शिक्षा अहम है। उपयुक्त, संस्कारयुक्त शिक्षा और समुचित उपचार की सुविधा, विकास को सार्थक बनाती है।

विश्व के कल्याण के लिए सभी को एकजुट होकर सशक्त प्रयास करने होंगे। इस प्रयास में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में भारत वसुधैव कुटुंबकम् की अवधारणा से कार्य कर रहा है। सभी सुखी हों, सभी निरोगी हों, सभी का कल्याण हो इसी मूलमंत्र से प्रयास ज़ारी हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल एसोसिएशन ऑफ़ यूनिवर्सिटीज




एशिया एंड पैसिफिक (क्क) के 17 वें सामान्य सभा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रोजगारपरक शिक्षा पर ज़ोर दिया है। शैक्षणिक सामग्री और विभिन्न पाठ्यक्रम में वैश्विक आवश्यकतानुसार योग्यताओं को शामिल करने पर कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत आज सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, वर्ष 2047 तक भारत शीर्ष में होगा। इस कार्य के लिए सभी का प्रयास ज़रूरी है, सही शिक्षा, सही कुशलता ज़रूरी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा सेवाओं को सशक्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 75 हज़ार एमबीबीएस सीटों की वृद्धि की जाने की घोषणा की गयी है। मध्यप्रदेश में वर्तमान में शासकीय एवं निजी चिकित्सा शिक्षा संस्थानों में 5 हज़ार एमबीबीएस सीट और 2250 पीजी सीट हैं। इन्हें आगामी 5 वर्षों में 8 हज़ार एमबीबीएस सीट और 5000 पीजी सीट तक ले जाने का लक्ष्य है। उप मुख्यमन्त्री श्री शुक्ल ने एसोसिएशन ऑफ़ यूनिवर्सिटीज एशिया एंड पैसिफिक (क्क) के सफल आयोजन के लिए वाईस प्रेसिडेंट क्क श्री हरिमोहन गुप्त और आयोजकों को शुभकामनाएँ दीं। उल्लेखनीय है कि एयूएपी का पहली बार सम्मेलन भारत में आयोजित हुआ है। सम्मेलन में 35 देशों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पर्वतारोही मुस्कान को मिलेगी 4 लाख की प्रोत्साहन राशि

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की साहसी बिटिया को दी बधाई

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अशोक नगर जिले की निवासी पर्वतारोही सुश्री मुस्कान रघुवंशी को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए 4 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने के निर्देश दिए हैं। सुश्री मुस्कान अशोक नगर जिले के ग्राम महाना के निवासी श्री रामकृष्ण रघुवंशी की बेटी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोंजिअस्को को कम उम्र में फतह कर विश्व रिकार्ड बनाने वाली मुस्कान के साहसिक कार्य के लिए बधाई देते हुए आगामी पर्वतारोहण कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की यह बेटी नई सफलताएं प्राप्त करेगी।

उल्लेखनीय है कि 23 वर्ष आयु की मुस्कान भोपाल के रविन्द्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय से बीपीएड का पाठ्यक्रम कर रही हैं। उन्होंने जब आस्ट्रेलिया के पर्वत की चोटी को छुआ था तो अपने आयु वर्ग में सबसे कम उम्र की पर्वातारोही थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 24 अगस्त 2024 को चंदेरी प्रवास के दौरान मुस्कान को उनके द्वारा बनाए गए रिकार्ड के लिए बधाई दी थी। मुस्कान शीघ्र ही दक्षिण अफ्रीका के तंजानिया में माउंट क्लीमंजारो की चोटी पर पहुंचने के लिए रवाना होने वाली हैं।

## एसएनसीयू खरगोन के समर्पित प्रयास से नवजात का जीवन हुआ संरक्षित

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को संरक्षित करने के समेकित प्रयास राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे हैं। हाई रिस्क प्रेगनेंसी का चिन्हांकन कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के साथ गंभीर नवजात शिशुओं को स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में विशेष देखभाल कर उनका जीवन सुरक्षित किया जा रहा है।

खरगोन ज़िले के बड़गांव की निवासी श्रीमती अंजलि पति नीरज ने 13 अक्टूबर को 28वें सप्ताह में समय से पहले नवजात शिशु को जन्म दिया। शिशु का वजन मात्र 990 ग्राम था और उसे गंभीर श्वांस संबंधी समस्याएं थीं, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शिशु को तुरंत एसएनसीयू



खरगोन में भर्ती किया गया। डॉक्टरों, नर्सिंग अधिकारियों और सपोर्ट स्टॉफ की समर्पित टीम ने 36 दिनों तक शिशु का उपचार किया। कंगारू मदर केयर तकनीक और बिना किसी एंटीबायोटिक्स के सफल देखभाल के बाद 18 नवंबर को शिशु का वजन बढ़कर 1.470 किलोग्राम हो गया है। अब शिशु को पूर्णत: स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया है। साथ ही शिशु के माता-पिता को घर पर देखभाल और वजन बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक सलाह दी गई है।

## बॉक्सिंग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का मित्तल इंस्टिट्यूट में आयोजन

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मित्तल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट में राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्विविद्यालय भोपाल की राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस बॉक्सिंग प्रतियोगिता मैं मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों के इंजीनियरिंग महाविद्यालय के लगभग 60 से अधिक छात्र - छात्राओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था के रजिस्ट्रार कर्नल एफ.बी.अल्लावली जी ने सभी प्रीतिभागियों को खेल भावना से खेलने का आव्हान किया,और खेल नियम से अवगत कराते हुए बताया कि बॉक्सिंग मूल रूप से एक संघर्षशील खेल है जो व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता




है। आरजीपीभी के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण परिषद के अध्यक्ष डॉ. के.टी. चतुर्वेदी जी के मुख्य आतिथ्य मैं इसका शुभारंभ हुआ, भोपाल के बॉक्सिंग विशेषज्ञ श्री रोशन लाल जी इसके मुख्य निर्णायक रहे! मित्तल महाविद्यालय के खेल प्रभारी (अंतर्राष्ट्रीय पावर लिफ्टर विशेषज्ञ ) मुकेश त्रिपाठी के संरक्षण मैं यह समस्त प्रतियोगिताये आयोजित की गयी। इस राज्य स्तररीय प्रतियोगिता मैं चयनित सभी प्रतिभागी अगले माह गुरु काशी विश्वविद्यालय-भटिंडा मैं आयोजित होने वाली ऑल इंडिया युनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में आरजीपीवी भोपाल की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे! इस बॉक्सिंग प्रतियोगिता मैं विभिन्न वजन वर्ग मैं निम्न खिलाडियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किये! जिसमे बालिकाओं के 48 से 75 किग्रा वर्ग में कशिश महोरिया, दीपशिखा, आरजू दहिया, पायल रावत, सलोनी पराथे, धुर्वा जैन, खुशी सिंह, दृष्टि वर्मा, किरण ठाकुर एवं विदुषी रिछारिया ने स्वर्ण पदक प्राप्त किये, वही बालक वर्ग के 48 से 86 किग्रा वर्ग में नवनीश, प्रांजल सिकरवार, रवि साहू, गौरव भाटी, अनुज तिवारी, आर्यन बेस, सुमित मौरे, मानस रोसे, मानव गोस्वामी, बलवीर कौल एवं हर्षित ओलियान ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। मित्तल संस्था के सभी संकाय के प्राचार्य एवं डायरेक्टर डॉ सिमरीना सिंह जी एवं शिक्षा संकाय के प्राध्यापक डॉ विनय कुमार दीवान द्वारा सभी विजेता छात्रों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित नित किया। मित्तल इंजीनियरिंग महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अर्पण द्विवेदी जी ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए सुनिश्चित

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण में मध्यप्रदेश का स्थान देश के अव्वल प्रदेशों में

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने कहा है कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में मध्यप्रदेश का स्थान देश के अव्वल प्रदेशों में है। अब हमारा यह प्रयास है कि इंदौर जिले को भी राजस्व प्रकरणों के निराकरण के क्षेत्र में प्रदेश में अव्वल बनाया जाए।**

इंदौर जिले में औसत रूप से अब तक 87 प्रतिशत से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण हो चुका है। शेष लम्बित प्रकरणों के निराकरण के लिए कार्रवाई तेजी से जारी है। उन्होंने कहा कि किसानों तथा भूधारकों के हित को ध्यान में रखते हुए राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में राजस्व महा अभियान 3.0 शुरू किया गया है।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने आज इंदौर के रेसीडेंसी में जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, कलेक्टर श्री आशीष सिंह सहित सभी अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, नायब



तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद थे। बैठक में मंत्री श्री वर्मा ने इंदौर जिले में चल रहे राजस्व महा अभियान 3.0 की प्रगति और राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए की सभी राजस्व प्रकरण निर्धारित समय सीमा में निराकृत किए जाएं। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही, लेतलाली तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि अक्षम्य है। लापरवाही, लेतलाली तथा त्रुटि करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण हर हाल में समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए। राजस्व प्रकरणों का निराकरण किसानों एवं भूधारकों के हित से जुड़ा हुआ विषय है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि किसानों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के इसी संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में राजस्व महा अभियान चलाया जा रहा है। राजस्व प्रकरणों के निराकरण और राजस्व संबंधी अन्य कार्यों के लिए किसी को भी परेशान नहीं होना पड़े। सभी राजस्व अधिकारी किसानों एवं अन्य भू- धारकों के हित में पूर्ण लगन, ईमानदारी, मेहनत से संवेदनशील होकर कार्य करें। सभी राजस्व अधिकारी अपने अधिकारों के साथ ही कर्तव्यों पर भी विशेष ध्यान दें। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने विगत दो राजस्व महा अभियान में प्राप्त उपलब्धियां तथा वर्तमान राजस्व महा अभियान 3.0 की प्रगति की जानकारी दी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विनय मिश्रा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स, एलयूएन शेड नं.21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल से मुद्रित एवं बी-104, शास्त्री नगर, जवाहर चौक, भोपाल से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा
स्थानीय संपादक- मनोहर राजपूत, मो. 9425910888, 9826022450 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.